13/8/20

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

13/8/2020

**शाहाबाद मारकंडा (मदन):** मारकंडा नैशनल कॉलेज में एन.सी.सी. व एन.एस.एस. तथा रेडरिबन क्लब द्वारा विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन ऑनलाइन किया गया, जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने किया।उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज का युवा बहुत ही चुनौतियों और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता रखता है और इस दिवस का मुख्य उद्देश्य भी यही है।

उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि, कर्त्तव्य की जानकारी, नीति निर्देशक, तत्व ज्ञान आदि के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के इंचार्ज एन.सी.सी. ऑफिसर सुरेश कुमार ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. जवाहरलाल, प्रो. हरपाल सैनी, एस.एस. काजल, डा. शालिनी शर्मा, डा. अजय कुमार, प्रो. सिद्धांत भी मौजूद थे।

13/8/20

# Caring for plants big responsibility: Ashok

GOLDIE CHUGH
SHAHABAD, AUG 13

On Thursday, plantation was done under joint aegis of NCC Unit and Vigyan Bharati Haryana at Markanda National College in which cadets planted neem, peepal and banyan trees under the leadership of Principal Dr. Ashok Chaudhary. The rubber plant was also specially planted. The principal of the college, Dr. Ashek Chaudhary said that this time is favorable for plantation, so we should plant more and more plants. Dr. Chaudhary said that apart from planting saplings, he has a bigger responsibility to handle his service. He said, therefore keep in mind that plants that are planted should also be nurtured.

Dr. Jawaharlal and the in-charge of Red Ribbon Club along with cadets planted saplings and gave a message to make the environment clean. Senior faculty member Professor Harpal Saini said that the young generation can bring a new revolution for a clean environment. On this occasion, NCC officer Suresh Kumar and NSS Incharge Prof. Siddartha was also present.



13/8/20

# पौधों की देखरेख करना बड़ी जिम्मेदारी

शाहाबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी यूनिट और विज्ञान भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण किया गया, जिसमें कैडेट्स ने प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी के नेतृत्व में नीम, पीपल और बरगद के पौधे रोपित किए। साथ में रबड़ प्लांट भी विशेष रूप से रोपित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि यह समय पौधरोपण के अनुकूल है इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। पौधे रोपित करने के साथ-साथ उससे भी बड़ी जिम्मेदारी उनकी सेवा संभाल की है। इसलिए ध्यान रखें कि जो पौधे रोपित किए हैं उनको पोषित भी करें। डॉ. जवाहरलाल व रेड रिबन क्लब के इंचार्ज ने कैडेट्स के साथ मिलकर पौधो रोपित किए तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। सीनियर फेकल्टी सदस्य प्रोफेसर हरपाल सैनी ने कहा कि युवा पीढ़ी स्वच्छ पर्यावरण के लिए नयी क्रांति ला सकती है।



13/8/2020

# भाविप ने स्थापना दिवस पर एमएन कॉलेज में किया पौधारोपण

13/8/20




शाहाबाद | भारत विकास परिषद ने अपने स्थापना दिवस पर मारकंडा नेशनल कॉलेज स्टाफ के साथ मिलकर कॉलेज परिसर में 100 से ज्यादा पौधे लगाए। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ परमजीत पाहवा ने सभी सदस्यों को स्थापना दिवस की बधाई दी। परिषद के महासचिव डॉ. अमरनाथ शर्मा ने बताया कि कोरोना काल में परिषद के सदस्यों ने समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। परिषद के प्रधान संजीव सिंगला ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर सुनील गुप्ता, आनंद वधावन, दीपक गुप्ता, संजय ठुकराल, सुरेंद्र काजल, जितेंद्र शर्मा समेत अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

14/8/2020

# डॉ. रंगनाथन के जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

**शाहाबाद मारकंडा।** मारकंडा नेशनल कॉलेज में हरियाणा लाइब्रेरी एसोसिएशन के सहयोग से राष्ट्रीय पुस्तकालय अध्यक्ष दिवस पर व्यक्ति एवं दर्शन-पदमश्री डॉ. एसआर रंगनाथन की स्मृति में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार किया गया। वेबिनार संयोजक डॉ. अजय कुमार अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान एवं पुस्तकालय अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय कुरुक्षेत्र विवि के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आशु शौकीन मुख्य अतिथि रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने वेबिनार की अध्यक्षता की। वेबिनार में विभिन्न संस्थानों के 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वेबिनार में मुख्य विषय वक्ता के रूप में आईआईटी रूडकी के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. सी जयकुमार ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. आशु शौकीन ने पुस्तकालय विज्ञान के पितामह डॉक्टर रंगनाथन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

पंजाब केसरी सोमवार MONDAY 17 अगस्त 2020

# शाहाबाद के स्कूलों व कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस पर फहराया तिरंगा




शाहाबाद में डिवाइन पब्लिक स्कूल में ध्वज फहराते स्कूल के प्रधान व ब्रिलिएंट माइंड आर्यन स्कूल में ध्वजारोहण करते स्कूल के प्रधान व प्राचार्य। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 16 अगस्त (मदन): नगर के सतलुज सीनियर सैकेंडरी स्कूल, मारकंडा नैशनल कॉलेज, माता रूकमणि राय आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल, आर्य कन्या महाविद्यालय, डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल, सरदार चन्नन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज, आर्य गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल, ब्रिलियंट माइंड, आर्यन स्कूल व अन्य स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।

सतलुज स्कूल के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह सतलुज स्कूल तथा रोटरी क्लब ने एक साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य तथा रोटरी सचिव डा. आर.एस. घुम्मन ने व रोटरी प्रधान आर.डी. गुप्ता ने राष्ट्रीय झण्डा फहराया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। स्कूल अध्यापक साहिल कुमार ने देश भक्ति पर कविता प्रस्तुत की। मंच का संचालन स्कूल उपप्रधानाचार्य विरेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर रो. एस. एस. खुराना, स्कूल की प्रधान संतोष कौर घुम्मन कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, प्रबंधक मनोज भसीन, आपुतोष गर्ग, कुलदीप गुप्ता, विजय कालड़ा, विरेन्द्र, महेश गोयल स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

मारकंडा नैशनल कॉलेज में मनाए गए स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष यशपाल वधवा तथा प्रो. हरपाल सैनी ने ध्वज फहराया। प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रधान यशपाल वधवा ने कहा कि हमें वीर स्पूतों की कुर्बानी की गाथा को जिंदा रखना है। इस अवसर पर ओमप्रकाश गुलियानी, मलिक विजय आनंद, प्रेमनाथ गंभीर, प्रोफेसर सुरेंद्र काजल, डा. भूपेंद्र, प्रो. सुरेश कुमार, डा. जवाहरलाल, डा. अजय अरोड़ा व प्रो. सिद्धांत भी मौजूद थे।

माता रूकमणि राय स्कूल में प्रबंधक समिति के मैनेजर रामलाल गुप्ता ने अन्य सदस्यों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा स्वतंत्रता सेनानियों व वीर जवानों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विष्णु भगवान गुप्ता, महेंद्र कंसल, कुलदीप गुप्ता, स्कूल की प्राचार्य संगीता शर्मा, निदेशक सतीश बत्रा, प्राचार्य आशिमा बत्रा, मंजू नारंग सहित अन्य अध्यापक मौजूद थे।

डिवाइन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूल के प्रधान डा. गुरदीप सिंह हेर व मनराज हेर ने ध्वजारोहण किया। स्कूल की प्राचार्य राजेंद्र खुबड़, उप प्राचार्य मनीष मलिक, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य आलम व बलजिंद्र भी मौजूद थे।

ब्रिलियंट माइंड आर्यन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन कोविड-19 के चलते ऑनलाइन किया गया। स्कूल परिसर में स्कूल के प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता व प्राचार्य आशिमा बत्रा ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने ऑनलाइन जन गण मन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर रामलाल गुप्ता, उपप्रधान रमन कांता शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र कंसल, कुलदीप गुप्ता, निदेशक सतीश बत्रा सहित स्कूल स्टाफ मौजूद था।





शाहाबाद में सतलुज स्कूल में ध्वजारोहण करते प्राचार्य व अन्य एंव शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज में ध्वजारोहण करते मुख्य अतिथि व शाहाबाद में माता रुकमणी राय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण करते प्रबंधक समिति के सदस्य। (आजाद/पूर्ण)

26/8/2020

# Planting done by Innerwheel Club

GOLDY CHUGH
SHAHABAD, AUG 26

It is very important to plant fruitful and shady trees for increasing pollution and conservation of land and for the well being of human life. For this, plantation is done annually by Innerwheel Club Shahabad. Plantation work started this year by planting saplings in the premises of Markanda National College, Shahabad. The event was initiated by the club's head Sumiti Vasudeva, secretary Urmila Ahuja, editor Rani Wadhwa and senior member Raman Kanta Sharma by planting saplings along with college principal Dr. Ashok Chaudhary, Professor Manju Gupta and Professor Surinder Singh. Similarly, there is a goal to plant saplings in other public places as trees are the ultimate essential for the clean environment of a country and it is the duty of every citizen to promote and protect the forest area.



26/8/2020

# इनरव्हील क्लब ने कालेज में पौधारोपण कर सेवा संभाल करने का लिया संकल्प

संवाद सहयोगी, शाहाबाद : बुधवार को इनरव्हील क्लब की ओर से मारकंडा नेशनल कालेज में पौधारोपण कर सेवा संभाल का संकल्प लिया गया। क्लब के प्रधान सुमिति वासुदेवा व कालेज प्राचार्य डा. अशोक चौधरी सहित स्टाफ ने पौधे लगाए।

प्रधान सुमिति वासुदेवा ने कहा कि पौधे रोपित करने से ज्यादा जरूरी उनकी संभाल है। क्योंकि अगर रोपित किए गए पौधों की संभाल नहीं हुई तो उनका पोषित होना मुश्किल हो जाता है।

प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने भी पर्यावरण स्वच्छता के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उर्मिल आहुजा, रानी वधवा, रमनकांता शर्मा, प्रो. सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।



इनरव्हील क्लब शाहाबाद में पौधरोपण करते हुए। • जागरण

पंजाब केसरी मंगलवार TUESDAY 1 सितम्बर 2020

# नई शिक्षा नीति में एक वर्ष की आवश्यक मिलिट्री ट्रेनिंग का प्रावधान किया जाए : प्रो. ढींडसा

शाहाबाद मारकंडा, 31 अगस्त (मदन) : अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् तथा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रसायन एवं जीव रसायन विभाग के पूर्व अध्यक्ष तथा बेसिक साइंस के डीन प्रो. कुलदीप सिंह ढींडसा ने नई शिक्षा नीति का स्वागत करते हुए सुझाव दिया है कि यदि इस नीति में सभी सक्षम विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष की आवश्यक मिलिट्री ट्रेनिंग का प्रावधान भी कर दिया जाए तो इससे देश के श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण हो सकेगा। प्रो. ढींढसा ने यह विचार मारकंडा नैशनल कॉलेज के क्वालिटी एश्योरंश सैल द्वारा आयोजित एक दिवसीय फैकल्टी डेवल्पमैंट प्रोग्राम/वैबीनार के दौरान व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत डा. जवाहर लाल ने ऑनलाइन माध्यम से सरस्वती वन्दना द्वारा की। कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने मुख्य वक्ताओं प्रो. कुलदीप ढींडसा एवं प्रो. रजनीश अरोड़ा का विस्तार से परिचय करवाया।

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में कहा कि वर्तमान शिक्षा नीति पढ़ने-पढ़ाने के स्थान पर सीखने-सिखाने की बात करती है। शिक्षा का उद्देश्य क्या सोचना न होकर कैसे सोचना है। नई शिक्षा नीति का विश्लेषण करते हुए प्रो. ढींडसा ने कहा है कि किसी भी देश की गुणवत्ता उसकी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। भारत में



मारकंडा नैशनल कॉलेज में वैबीनार में भाग लेते प्रतिभागी। (आजाद)

पहली शिक्षा नीति 1968 मे तैयार की गई। उसके बाद 1986 में राजीव गांधी के कार्यकाल में दूसरी शिक्षा नीति बनाई गई, जिसमें कंप्यूटर के प्रयोग पर बल दिया गया। बदलते समय की मांग थी कि इक्कीसवीं सदी की संभावनाओं और जनमानस की आकांक्षाओं को देखते हुए एक नई शिक्षा नीति बनाई जाए जो आज के इस ज्ञान विज्ञान के युग की आवश्यकताओ के अनुरूप हो। डा. ढीडसा ने कहा कि मोदी सरकार ने नई शिक्षा नीति 21वीं सदी की आवश्कताओं के अनुरूप बनाई है। यह वास्तव में एक सराहनीय क़दम है और यह भारत की प्रगति में एक मील का पत्थर साबित होगी। प्रो. रजनीश अरोड़ा, निदेशक इंग्लिश एंड फौरेन लैंग्वेजिज यूनिवर्सिटी लखनऊ ने कहा की नई शिक्षा नीति में कोई समस्या नहीं है, चुनौती इसको लागू करने में है। हमें अपना रवैया और दृष्टिकोण बदल कर इस नीति को लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यह नीति सरकार की योजना सबका साथ, सबका विकास की वास्तविक परिचायक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सुनीता पाहवा, प्राचार्या, आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद मारकंडा ने की। इसके अतिरिक्त पूरे देश से लगभग 60 अध्यापकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डा. अजय अरोड़ा ने सभी का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

3/9/2020

# MILITARY TRAINING MISSING IN NEP

**Kurukshetra:** The Internal Quality Assurance Cell (IQAC) of Markanda National College, Shahabad, Markanda, organised a faculty development programme on 'New Education Policy (NEP) : Opportunities and Challenges'. The speakers comprised eminent scientist and educationist Prof Kuldip Singh Dhindsa (retd) of Haryana Agricultural University, Hisar, and Prof Rajneesh Arora, director, regional campus, The English and Foreign Languages University, Lucknow. Dhindsa emphasised the importance of compulsory military training for the youth, to inculcate moral values in them, which is missing in the NEP. He proposed two litmus tests for the success of the NEP, firstly, the demand of coaching centres should decrease drastically, and secondly, skilled manpower should be inducted at better places to reduce the unemployment graph of the country. Arora said the NEP was a result of the concerted efforts of the education experts. Principal Ashok Kumar chaired the session. Sunita Pahwa, Principal, Arya Kanya Mahavidyalya, Shahabad, Markanda, was the guest of honor.

The Tribune Thu, 03 September 2020
https://epaper.tribuneindi

5/8/2020

# शिक्षा जगत में नई क्रांति लाएगी नई नीति : ढींडसा

## मारकंडा नेशनल कालेज के क्वालिटी एंश्योरेंस विभाग की ओर से एक दिवसीय फैकल्टी डेवेलपमेंट वेबिनार आयोजित

संवाद सहयोगी, शाहाबाद : वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. कुलदीप ढींडसा ने कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षा जगत में एक क्रांति लाने का काम करेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर नई शिक्षा नीति में सभी सक्षम विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष की आवश्यक मिलिट्री ट्रेनिंग का भी प्रावधान कर दिया जाए तो इससे देश में श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण हो सकेगा।

वह सोमवार को शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कालेज के क्वालिटी एंश्योरेंस विभाग की ओर से आयोजित एक दिवसीय फैकल्टी डेवेलपमेंट वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की गुणवत्ता उसकी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। भारत में पहली शिक्षा नीति 1968 मे तैयार की गई। उसके बाद 1986 में राजीव गांधी के कार्यकाल में दूसरी शिक्षा नीति बनाई गई। इसमें कंप्यूटर के प्रयोग पर बल दिया गया। बदलते समय की मांग थी कि 21वीं सदी की संभावनाओं और जनमानस की आकांक्षाओं को देखते हुए एक नई शिक्षा नीति बनायी जाए जो आज के इस ज्ञान विज्ञान के युग की आवश्यकताओं के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि देश के चुनिंदा शिक्षाविदों एवं शिक्षा के प्रशासकों की ओर से कड़ी मेहनत और अनुसंधान के बाद एक आधुनिक शिक्षा नीति तैयार की है जो भारत के शिक्षा जगत में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। प्रो. रजनीश अरोड़ा ने भी शिक्षा नीति को लेकर अपने विचार रखे। प्राचार्य डा. अशोक चौधरी व प्रो. जवाहर लाल ने वेबिनार की शुरुआत की।

4/8/2020

# देश के शिक्षा जगत में नई क्रांति लाएगी शिक्षा नीति : डॉ. ढिंडसा

शाहाबाद। सोमवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज के क्वालिटी एश्योरेंश विभाग द्वारा एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट वेबिनार आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी व प्रो. जवाहर लाल ने की। प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. कुलदीप सिंह ढिंडसा एवं प्रो. रजनीश अरोड़ा इस वेबीनार के मुख्य वक्ता रहे। वैज्ञानिक कुलदीप सिंह ढींडसा ने नई शिक्षा नीति का स्वागत करते हुए सुझाव दिया है कि यदि इस नीति में सभी सक्षम विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष की आवश्यक मिलिट्री ट्रेनिंग का प्रावधान भी कर दिया जाए तो इससे देश के श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण हो सकेगा।

**इस नीति में सभी सक्षम विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष की आवश्यक मिलिट्री ट्रेनिंग का प्रावधान भी हो सकता है**

प्रो. ढींडसा नई शिक्षा नीति का विश्लेषण करते हुए कहा है कि किसी भी देश की गुणवत्ता उसकी शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। भारत में पहली शिक्षा नीति 1968 मे तैयार की गई। उसके बाद 1986 में राजीव गांधी के कार्यकाल में दूसरी शिक्षा नीति बनाई गई जिसमें कंप्यूटर के प्रयोग पर बल दिया गया। बदलते समय की मांग थी इक्कीसवीं सदी की संभावनाओं और जनमानस की आकांक्षाओं को देखते हुए एक नई शिक्षा नीति बनायी जाए जो इस ज्ञान विज्ञान के युग की आवश्यकताओं के अनुरूप हो। प्रो. रजनीश अरोड़ा ने भी नयी शिक्षा नीति को लेकर अपने विचार रखे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

6/9/2020

# Dr. Ashok, Dr Ghumman are inspirations

GOLDY CHUGH

**SHAHABAD:** Dr. Ashok Chaudhary and Dr. R S Ghumman are precious diamonds of education. Both the persons are always ready for providing education and doig social service. Dr. Ghumman is such a unique example, who once started teaching in a school of Shahabad at a salary of Rs 500, but today in this city, his Sardar Chanan Singh Ghumman Memorial to B.Ed College and Satluj Senior Secondary school are running. Dr. Ghumman has achieved this feat with his cleanliness and hard work. RS Ghumman is a personality who is associated with education as well as many social service organisations of the city. Dr. RS Ghumman said that teachers in the Corona period have made an outstanding contribution to the students. Principal Dr. Ashok Chaudhary is the principal of Markanda National College here. Under his leadership, MN College has recorded records in the field of education. The name of the college has come up in the world of education. Principal Dr. Ashok Chaudhary is a teacher as well as a litterateur and poet. With his writings and literature, Dr. Chaudhary has given a new direction to the society.



6/9/2020

# शिक्षक जगत के प्रेरणास्त्रोत हैं डॉ. अशोक चौधरी व डॉ. आरएस घुम्मन



डॉ. आरएस घुम्मन व डॉ. अशोक चौधरी के चित्र।

शाहबाद। शिक्षा जगत के लिए डॉ. अशोक चौधरी और डॉ. आरएस घुम्मन अनमोल हीरे है। शिक्षा दान व समाज सेवा के लिए दोनो शख्सिअतें सदैव तत्पर रहती है। अगर बात करे डॉ. आरएस घुम्मन की तो डॉ. घुम्मन ऐसी अनूठी मिसाल है जिन्होंने कभी शाहाबाद के स्कूल मे 500 रूपए वेतन मे शिक्षण का कार्य शुरू किया था लेकिन आज इस शहर मे अपना सरदार धनन सिंह घुम्मन मेमोरियल बीएड कॉलेज व सतलुज सीनियर सैकेंडरी तक का स्कूल चला रहे है। यह उपलब्धि डॉ. घुम्मन को उनकी साफगोई और मेहनत के साथ मिली है। आरएस घुम्मन ऐसे व्यक्तित्व जो शिक्षा के साथ-साथ शहर की अनेको समाज सेवी संस्थाओं से जुड़े हुए है। डॉ. आरएस घुम्मन ने कहा कि कोरोना काल मे शिक्षको का विद्यार्थियो के लिए अतुलनीय योगदान रहा है। क्योंकि बेशक स्कूल नहीं खुल पा रहे है लेकिन शिक्षक ऑनलाईन शिक्षा देने का काम बच्चो को कर रहे है और बेहद जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य को निभा रहे है। वहीं अगर बात करे प्राचार्या डॉ. अशोक चौधरी की तो वह इस समय यहां के मारकंडा नेशनल कॉलेज के प्राचार्य है। इनके नेतृत्व मे एमएन कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र मे रिकार्ड दर्ज किए है। कॉलेज का नाम शिक्षा के जगत मे आगे आया है। प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी शिक्षक के साथ-साथ एक साहित्यकार व कवि भी है। अपनी रचनाओं व साहित्य से डॉ. चौधरी ने समाज को नयी दिशा देने का काम किया है और एक दर्पण की तरह विद्यार्थियो की रहनुमाई कर रहे है। डॉ. अशोक चौधरी ने विद्यार्थियो को कोरोना से बचकर रहना है और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने कहा कि चुनौतिया जितनी बड़ी होती है तो सफलताओं का शोर भी उतना ही बड़ा होता है।

to the society.

6/9/2020

# ड्यूटी पर जी-जान से जुटे हैं कोरोना योद्धा की भूमिका निभाने वाले टीचर्स



*परिचर्चा में भाग लेते प्राचार्य डा. घुम्मन, डा. अशोक, हैप्पी तूर, अधिवक्ता संदीप टिवाना, डा. प्रभनूर हेर व अधिवक्ता जुगल जुनेजा।* (नावल्टी)

शाहाबाद मारकंडा, 4 सितम्बर (राजेश) : किसी भी कामयाब महिला व पुरुष के पीछे गुरु का बहुत बड़ा योगदान होता है क्योंकि गुरु द्वारा दिखाए मार्ग के द्वारा वह अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों को न केवल स्वीकार करते हैं बल्कि सफल भी होते हैं। भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपगी राधाकृष्णन के जन्मदिवस को हम सब शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं।

इस विषय में प्राचार्य डा.आर.एस. घुम्मन का कहना है कि लॉकडाऊन के दौरान सरकार की मदद को जरूरतमंदों तक पंहुचाने में जहां टीचर्स की बहुत बड़ी भूमिका रही है वहीं ऑनलाईन पढाई में आने वाली नई-नई चुनौतियों के सामने भी शिक्षक खरे उतरें है। प्राचार्य डा. अशोक चौधरी का कहना है कि कोरोना महामारी के खिलाफ डाक्टर, पुलिस व सफाई विभाग तो अपना कार्य कर ही रहा है लेकिन शिक्षक भी योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं और जी जान से अपनी अपनी ड्यूटी पर जुटे हैं। राजबीर सिंह हैप्पी तूर का कहना है कि माता-पिता बच्चों को जन्म देते है लेकिन शिक्षक बच्चों को सही गल्त का फर्क बताते हैं तथा उनके चरित्र निर्माण में शिक्षक का ही योगदान रहता है। अधिवक्ता संदीप टिवाना का कहना है कि भारत में प्राचीन काल से ही गुरु-शिष्य की परंपरा चली आ रही है। जीने का असली तरीका हमें शिक्षक ही सिखाते हैं और सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

डा. प्रभनूर सिंह हेर व अधिवक्ता जुगल किशोर जुनेजा का कहना है कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपना पूरा जीवन सही दिशा में रख सकते हैं इसलिए हम सब को न केवल शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए बल्कि आज के दिन हमें शिक्षकों का विशेष रूप से उनका आभार व्यक्त करना चाहिए।

कार्यक्रमों की जानकारी इस मेल पर भेजें- kurukshetrabureau@chd.amarujala.com

# मारकंडा नेशनल कॉलेज में मनाया कोविड-19 जन आंदोलन



**शाहाबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए कोविड-19 जन आंदोलन मुहिम के तहत टीचिंग और नान टीचिंग स्टाफ ने शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा किया गया। एनएसएस ऑफिसर प्रो. सिद्धांत ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार चौधरी ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई मुहिम के महत्व बारे बताते हुए सभी स्टाफ सदस्यों से यह निवेदन किया कि पब्लिक स्थानों पर जाते समय हमेशा मास्क पहन कर जाए, दूसरों से उचित दूरी बनाए रखें और अपने हाथों को समय-समय पर बार-बार धोते रहें।

पानीपत, 10 दिसंबर, 2020 • दैनिक जागरण

# सरताज ने दिखाई प्रतिभा, 16 प्रतियोगिताओं में बने विजेता

शाहाबाद मारकंडा : प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। ऐसा ही एक उदाहरण मारकंडा नेशनल कालेज के बीए तृतीय वर्ष के छात्र सरताज ने पेश किया। कालेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान सरताज ने 22 ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिनमें से 16 प्रतियोगिताओं में सरताज प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहा। उन्होंने बताया कि कालेज में पढ़ाई के दौरान सरताज सभी कक्षाओं में प्रथम रहा। उसकी इस योग्यता के कारण पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के राजनीतिक विभाग में उसका दाखिला हुआ। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन करवाए गए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के वेबिनारों में अपने भौतिक विकास के लिए भाग लेना शुरू किया और आठ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि सरताज का एक शोध पत्र राष्ट्रीय सेमिनार की आईएसबीएन पुस्तक



विद्यार्थी सरताज। • सौजन्य स्वयं

में प्रकाशित होने के लिए भी चयनित हुआ है। सरताज ने बताया कि कालेज की प्रो. डा. शालिनी शर्मा ने उन्हें ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया उनके मार्गदर्शन में उन्होंने ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। इससे उन्हें न केवल अपने भौतिक विकास में सहायता मिली अपितु जीवन में कुछ कर गुजरने की प्रेरणा भी मिली। सरताज की इस कामयाबी पर कालेज स्टाफ ने बधाई दी। (संसू)

दैनिक भास्कर
पानीपत, गुरुवार 10 दिसंबर, 2020 | 04

# 16 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजेता रहे सरताज

**शाहाबाद** | एमएन कॉलेज के बीए तृतीय वर्ष के छात्र सरताज ने लॉकडाउन के दौरान 22 ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें से 16 प्रतियोगिताओं में सरताज प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक ने बताया कि कॉलेज में पढ़ाई के दौरान सरताज सभी कक्षाओं में प्रथम रहा। उसकी इस योग्यता के कारण पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के राजनीतिक विभाग में उसका दाखिला हुआ है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन आयोजित राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय स्तर के वेबीनारों में अपने भौतिक विकास के लिए भाग लेना शुरू किया और 8 राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय वेबिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि सरताज का एक शोध पत्र राष्ट्रीय सेमिनार की आईएसबीएन पुस्तक में प्रकाशित होने के लिए भी चयनित हुआ है। सरताज ने बताया कि कॉलेज की डा. शालिनी शर्मा ने उन्हें ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


सरताज।

दैनिक जागरण
पानीपत, 17 दिसंबर, 2020

# एमएन कालेज में एनसीसी यूनिट ने मनाया विजय दिवस

शाहाबाद मारकंडा : मारकंडा नेशनल कालेज में एनसीसी यूनिट की ओर से बुधवार को विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र से प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र सिंह रावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विजय दिवस की महत्ता को बताते हुए सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि व सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह दिवस पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन पूर्वी पाकिस्तान जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है को आजाद कराया गया था। कालेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए सभी शहीदों व सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कैडिटों का स्वागत किया। (संस)

दैनिक भास्कर


पानीपत, गुरुवार 17 दिसंबर, 2020

# एमएन कॉलेज में एनसीसी यूनिट ने मनाया विजय दिवस

शाहाबाद | मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी यूनिट ने विजय दिवस मनाया। कार्यक्रम में आई 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र से प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र सिंह रावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विजय दिवस की महत्ता को बताते हुए सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि व सम्मान प्रकट किया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और एनसीसी में जुड़े नए कैडेट्स का स्वागत किया।

17/12/2020

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में एनसीसी यूनिट ने विजय दिवस मनाया



विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए लैफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र सिंह रावत। (छाया : विजय कुमार)

शाहाबाद मारकंडा, 16 दिसम्बर (विजय कुमार) : बुधवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी यूनिट द्वारा विजय दिवस मनाया गया। 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र से प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यातिथि की भूमिका में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने आज के दिवस की महत्ता को बताते हुए सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि व सम्मान प्रकट किया। कर्नल देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि यह दिवस जिन सैनिकों ने भारत पाकिस्तान युद्ध 1971 में अपने प्राणों की आहुति दी और पाकिस्तान पर भारत की सेना द्वारा जीत के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस दिन पूर्वी पाकिस्तान जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा आजाद कराया गया था। इसमें मानिक शाह द्वारा रचित एक भव्य योजना के अनुसार पाकिस्तान को बांग्लादेश देश को अलग करने के लिए मजबूर किया गया था। प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए सभी शहीदों व सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और एनसीसी में जुड़े नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें इस बड़े संगठन में जुड़ने का और जोड़ने के प्रति धन्यवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को देश सेवा के प्रति अपना जज्बा कायम रखने और जब भी समय आए तो देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर सकें इसके लिए प्रेरित किया।

17/12/2020

# एमएन कॉलेज में गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



शाहबाद मारकंडा। मंगलवार को एमएन कॉलेज के विज्ञान विभाग ने भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भौतिकी विभाग के डा. जवाहरलाल ने उनके जीवन व कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामानुजन ने कम आयु में ही मैथमेटिकल एनालिसीज, नंबर थ्यौरी व इनफानाइट सीरीज में काम करते हुए गणित की कई अनसुलझी गुत्थियों को सुलझाया। डा. जवाहरलाल ने श्रीनिवासन रामानुजन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने इंग्लैंड के प्रो. जीएच हार्डी के साथ मिलकर कई नई प्रमेय गणित में दिए। उन्होंने बताया कि रामानुजन कम आयु के फैलो ऑफ रोयल सोसाइटी बने। कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी विद्यार्थी अपनी लगन व मेहनत से काम करके कम समय में सफलता पा सकता है। प्राचार्य ने कहा की महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन का जीवन हमारे लिए एक उदाहरण है। व्याख्यान के पश्चात सीएसआईआर व विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान उत्सव 2020 का उद्घाटन सत्र विज्ञान विद्यार्थियों को वर्चुअल मोड में दिखाया गया। आईआईएसएफ 2020 का उद्घाटन डॉक्टर हर्षवर्धन मंत्री विज्ञान व तकनीकी स्वास्थ्य एवं परिवार केंद्र सरकार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान विभाग के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी शामिल थे।

17/12/2020

# गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



एमएन कॉलेज में गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

शाहाबाद मारकंडा, 22 दिसम्बर (विजय कुमार) : मंगलवार को एमएन कॉलेज के विज्ञान विभाग ने भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भौतिकी विभाग के डा. जवाहरलाल ने उनके जीवन व कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामानुजन ने कम आयु में ही मैथमेटिकल एनालिसीज, नंबर थ्यौरी व इनफानाइट सीरीज में काम करते हुए गणित की कई अनसुलझी गुत्थियों को सुलझाया। डा. जवाहरलाल ने श्रीनिवासन रामानुजन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने इंग्लैंड के प्रो. जीएच हार्डी के साथ मिलकर कई नई प्रमेय गणित में दिए। उन्होंने बताया कि रामानुजन कम आयु के फैलो ऑफ रोयल सोसाइटी बने। कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी विद्यार्थी अपनी लग्न व मेहनत से काम करके कम समय में सफलता पा सकता है। प्राचार्य ने कहा की महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन का जीवन हमारे लिए एक उदाहरण है। व्याख्यान के पश्चात सीएसआईआर व विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान उत्सव 2020 का उद्घाटन सत्र विज्ञान विद्यार्थियों को वर्चुअल मोड में दिखाया गया। आईआईएसएफ 2020 का उद्घाटन डॉक्टर हर्षवर्धन मंत्री विज्ञान व तकनीकी स्वास्थ्य एवं परिवार केंद्र सरकार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान विभाग के स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी शामिल थे।

पानीपत, 13 जनवरी, 2021 दैनिक जागरण

# भाषण में हिम्मत सिंह ने दिखाई हिम्मत




स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कालेज प्राचार्य व अन्य। ● जागरण

**शाहाबाद** : शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कालेज में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इसमें हिम्मत सिंह ने पहला स्थान पाया। जबकि राजप्रीत ने दूसरा और अंकुश ने तीसरा स्थान पाया है। यह प्रतियोगिता भारत विकास परिषद और स्वामी विवेकानंद युवा क्लब की ओर से युवा दिवस पर कराई गई। प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन व उनकी शिक्षाओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन से शिक्षा लेकर संस्कारवान, चरित्रवान व देशभक्त बनने की प्रेरणा दी। भारत विकास परिषद के उत्तरी हरियाणा के अध्यक्ष डा. परमजीत पाहवा ने युवाओं को ऊर्जा का स्रोत बताते हुए समाज सेवा में विशेष भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी रहना चाहिए। डा. शालिनी शर्मा और डा. देवराज शर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। मंच संचालन डा. जवाहर लाल ने किया। इस अवसर पर प्रो. अमरनाथ शर्मा, प्रो. सुभाष ढींगरा, प्रो. हरपाल सैनी और प्रो. सुनील गुप्ता मौजूद रहे। (संस)

पंजाब केसरी WEDNESDAY • 13.1.2021




शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाते प्राचार्य व स्टाफ। (आजाद)

# 'स्वामी विवेकानंद के जीवन पर डाला प्रकाश'

**शाहाबाद मारकंडा (मदन):** मारकंडा नैशनल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनकी शिक्षाओं को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि डा. परमजीत पाहवा ने किया। प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को संस्कारवान, चरित्रवान, देश भक्त बनने की प्रेरणा दी। डा. परमजीत पाहवा ने विद्यार्थियों को ऊर्जा का स्रोत बताते हुए उन्हें सामाजिक कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक डा. देवराज शर्मा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में हिम्मत सिंह प्रथम, रजप्रीत द्वितीय तथा अंकुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डा. शालिनी शर्मा, डा. अजय अरोड़ा, डा. देवराज शर्मा ने निभाई। मंच का संचालन डा. जवाहरलाल ने किया। इस अवसर पर प्रो. अमरनाथ शर्मा, हरपाल सैनी, सुरेंद्र काजल, सुनील गुप्ता, पूनम, मंजू गुप्ता, एन.सी.सी. अधिकारी सुरेश कुमार, इंद्रजीत सिंह व प्रो. सिद्धांत आदि उपस्थित थे।

The Tribune
CHANDIGARH | THURSDAY | 14 JANUARY 2021

# YOUTH DAY AT MARKANDA COLLEGE

**Kurukshetra:** Markanda National College, Shahabad Markanda, celebrated 158th birth anniversary of Swami Vivekananda as National Youth Day. The function was organised by the Swami Vivekananda Youth Club of the college in collaboration with Bharat Vikas Parishad, local chapter. Students were encouraged to participate in a speech competition organised on the occasion. The function was presided over by Principal Dr Ashok Kumar. North Haryana Bharat Vikas Parishad president Dr Paramjit Pahwa and Prof Amarnath Sharma were the chief guest and special guest, respectively. Dr Devraj Sharma, Nodal Officer of the Swami Vivekananda Youth Club, welcomed the dignitaries. Dr Ashok Kumar remembered Swami Vivekananda as the messenger of wisdom and highlighted the social, spiritual and patriotic works of the divine saint. The speech contest was won by Himmat Singh, followed by Rajpreet and Ankush, all students of the college. Dr Shalini Sharma, Dr Devraj Sharam and Dr Ajay Kumar Arora acted as the judges of the speech contest.

दैनिक भास्कर पानीपत, रविवार 17 जनवरी, 2021

# नृत्य प्रतियोगिता में गरिमा ने मारी बाजी




**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज में आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की नृत्य विधा में गरिमा ने बाजी मारी। जबकि सोनिया द्वितीय व कोमल तृतीय स्थान पर रही। यंत्र वादन में दीपा प्रथम रही। पेंटिंग में अंकुश ने प्रथम, प्रियंका देवी ने द्वितीय व सुनील कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में लवप्रीत प्रथम, सोनम द्वितीय, प्रिंस पाल तृतीय रहे। कविता पाठ में हिम्मत प्रथम अपर्णा द्वितीय व दीपा तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. शालिनी, संयोजक जवाहर लाल, डॉ. देवराज शर्मा, प्रोफेसर मंजू गुप्ता, डॉ. संजय कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर किया। डॉ. कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए कॉलेज में समय-समय पर होने वाली सह शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ अभिव्यक्ति का होना भी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिभा खोज में गीत, संगीत, नृत्य, गायन, भाषण, पेंटिंग, कविता पाठ, प्रश्नोत्तर इत्यादि विधाओं में भाग लेकर विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त कर सकते हैं। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र काजल, प्रोफेसर कल्पना, संदीप श्योरण, डॉ चूहड़, डॉ देवराज शर्मा और प्रोफेसर सिद्धांत ने निभाई। पेंटिंग प्रतियोगिता का संचालन प्रोफेसर भावनी व डॉ. प्राची अरोड़ा ने किया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

पंजाब केसरी

रविवार SUNDAY 17 जनवरी 2021

# 'गायन प्रतियोगिता में निखिल व नृत्य में गरिमा प्रथम'



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्राचार्य डा. अशोक चौधरी। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 16 जनवरी (मदन): मारकंडा नैशनल कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से एक दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अभिव्यक्ति का होना भी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता की ओवरऑल इंचार्ज डा. शालिनी शर्मा ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी।

प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में गीत, संगीत, नृत्य, गायन, भाषण, पेंटिंग, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी आदि में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गायन प्रतियोगिता में निखिल प्रथम, पप्पू यादव द्वितीय, दीपा तृतीय रही। नृत्य में गरिमा प्रथम, सोनिया द्वितीय, कोमल तृतीय रही। यंत्र वादन में दीपा प्रथम व पेंटिंग में अंकुश प्रथम, प्रियंका देवी द्वितीय, सुनील कुमार तृतीय रहा। भाषण में लवप्रीत प्रथम, सोनम द्वितीय, प्रिंस पाल तृतीय रहा। कविता पाठन में हिम्मत प्रथम, अर्पणा द्वितीय, दीपा तृतीय रही। नृत्य व गायन प्रतियोगिता में मंच का संचालन डा. दिव्या ने किया व भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता में मंच संचालन डा. जवाहरलाल ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन प्रो. सुरेंद्र काजल ने व पेंटिंग प्रतियोगिता का संचालन प्रो. भाविनी व डा. प्राची अरोड़ा ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. कल्पना, डा. संदीप श्योराण, सुरेंद्र काजल, डा. चूहड़ सिंह, डा. देवराज शर्मा व प्रो. सिद्धांत ने निभाई। इस अवसर पर प्रो. मंजू गुप्ता, डा. संजय कुमार सहित स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

The Tribune

CHANDIGARH | TUESDAY | 19 JANUARY 2021




# STUDENTS SHOWCASE TALENT

**Kurukshetra:** Markanda National College, Shahabad Markanda, organised a one-day talent hunt event under the aegis of Kurukshetra University. More than 100 students showcased their talent in dance, singing, instrumental music, poetry, speech, painting and quiz. Principal Ashok Kumar presided over the programme. Nikhil secured the first position in singing competition, followed by Pappu Yadav and Deepa. Garima won the first prize in dance, followed by Sonia and Komal. Ankush and Lovepreet stood first in painting and speech competitions, respectively.

The Tribune
CHANDIGARH | WEDNESDAY | 20 JANUARY 2021




# SESSION ON NEW JOB AVENUES

**Kurukshetra:** The career counselling and placement cell of Markanda National College in collaboration with Stiffen Technologies Private Limited, Ambala Cantonment, organised an information session for students. More than 100 final-year students of all streams of the college were made aware of the new job avenues and the role of information technology in scaling heights in future. Deepak Verma and his team of industry experts from Steffen Technologies, Ambala, persuaded the students with the concepts of digital marketing, content writing and other technological advanced notions. Principal Ashok Kumar propounded that curiosity, dedication and hard work were the key elements for students to achieve their goals.

The Tribune
CHANDIGARH | TUESDAY | 26 JANUARY 2021



# VOTERS MADE AWARE OF RIGHTS

**Kurukshetra:** Markanda National College, Shahabad, celebrated 11th National Voters' Day to encourage youngsters to exercise their fundamental right to vote in the world's largest democracy. Chuhar Singh, nodal officer, along with Ashok Kumar, principal, administered the oath to more than 100 students. The pledge was administered to encourage young voters to exercise their franchise in a free and fair manner.

दैनिक भास्कर, पानीपत, मंगलवार 26 जनवरी, 2021

# मारकंडा नेशनल कॉलेज में मनाया मतदाता दिवस

**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज में 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कॉलेज विद्यार्थियों को नोडल अधिकारी डॉ. चूहड़ सिंह की देखरेख में मतदान की शपथ दिलाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को जीवन में मतदान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा देश के सुरक्षित भविष्य के लिए हमें बहुत ही सूझबूझ से अपने मत का उपयोग करना है। मत के सही उपयोग से ही देश तरक्की के पथ पर आगे बढ़ सकता है। सभी को किसी जाति, धर्म, समुदाय के लोभ लालच से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के एनसीसी के कैडेट भी उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी डॉ. चूहड़ सिंह ने मत बनवाने के लिए जरूरी कागजों जन्म प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटो व माता या पिता के वोटर कार्ड की कापी, फार्म 6 के साथ लगाकर पूरा फार्म कम्पलीट करने करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। मंजू गुप्ता, एसएस काजल, एनसीसी अधिकारी सुरेश कुमार, महेन्द्र छाबड़ा, डॉ. अजय अरोड़ा, डॉ. संदीप श्योराण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी CHANDIGARH • TUESDAY • 26.1.2021

# 'साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता जरूरी : डा. बिशला'

शाहाबाद मारकंडा, 25 जनवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहबाद मारकंडा में आई.क्यू.ए.सी. ने साइबर क्राइम पर कार्यशाला करवाई, जिसमें डा. भीमराव अंबेदकर विश्वविद्यालय दिल्ली से डा. दीपक बिशला मुख्य प्रवक्ता के रूप में शामिल रहे। कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने डा. बिशला का स्वागत करते हुए कहा कि आज जहां हम आई.सी.टी. का अत्यधिक प्रयोग कर रहे हैं, वहां हमें साइबर क्राइम के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। आने वाला समय कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है, इसलिए हमें अलग-अलग ऐप यूज करने से पहले उसकी जानकारी होना बहुत आवश्यक है। डा. बिशला ने कार्यशाला को प्रायोगिक बनाते हुए करके बताया कि किस प्रकार बिना किसी को बताए हम उसके मोबाइल से किसी दूसरे व्यक्ति को मेल भेज सकते हैं या धन को भी चुरा सकते हैं।

पूरे वक्तव्य में अलग-अलग तरह के जो साइबर क्राइम हो रहे हैं, उन सभी को बहुत ही सरल तरीके से समझाया। आई.क्यू.ए.सी. के संयोजक डा. जवाहरलाल ने बताया कि जरूरत जागरूकता की है क्योंकि आज मोबाइल हम सबकी जरूरत बन चुका है। जागरूकता से ही हम साइबर क्राइम से बच सकते हैं। डा. अमित कुमार कार्यशाला संयोजक ने मुख्य अतिथि का परिचय करवाया और कहा कि डा. बिशला ने साइबर क्राइम व उसके समाधान पर 50 से भी ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। डा. अजय कुमार अरोड़ा ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों को डा. बिशला के समक्ष रखा व डा. बिशला ने इन सभी का बाखूबी उत्तर दिया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शैक्षिक व गैर शैक्षिक स्टाफ मैंबर उपस्थित रहे तथा 50 विद्यार्थियों ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया।

पंजाब केसरी

THURSDAY • 28.1.2021



मारकंडा नैशनल कालेज में राष्ट्रीय ध्वज फहराते कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान। (आजाद)

मारकंडा नैशनल कालेज के प्रांगण में मुख्य अतिथि कालेज प्रबन्धन समिति के प्रधान यशपाल वधवा ने एन.सी.सी. कैडेट्स की टुकड़ी की सलामी ली व राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यालय उप-अधीक्षक महिन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कालेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने मुख्यातिथि व प्रबन्धन समिति के महासचिव प्रेमनाथ गम्भीर, कोषाध्यक्ष मलिक विजय आनंद का कालेज में स्वागत किया। मंच संचालन प्रो. सुरेन्द्र काजल ने किया। इस अवसर पर डा. भूपेन्द्र तंवर, डा. देवराज शर्मा, एन.सी.सी. अधिकारी प्रो. सुरेश कुमार, डा. अजय अरोड़ा, एन.एस.एस. अधिकारी प्रो. सिद्धांत, कृष्ण लाल, ललित कुमार, ईशान, राजेश कुमार, चरणजीत सिंह, अश्वनी, सुरेश व विद्यार्थी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण पानीपत, 29 जनवरी, 2021

# यातायात नियमों का पालन जरूरी : रमेश




शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कालेज में यातायात पुलिस के निरीक्षक रमेश कुमार को स्मृति चिह्न प्रदान करते कालेज शिक्षक। ● जागरण

संवाद सहयोगी, शाहाबाद : सड़कों पर लगातार वाहनों का दबाव बढ़ने से सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत वीरवार को मारकंडा नेशनल कालेज में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस निरीक्षक रमेश कुमार ने कहा कि आज सड़कों पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ने पर सड़क हादसे भी बढ़ते जा रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों की पालना करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश में मोबाइल की क्रांति आई है और हर व्यक्ति मोबाइल में दिलचस्पी दिखा रहा है। इसी तरह यातायात जागरूकता में भी क्रांति आनी चाहिए। जब हर कोई इसके प्रति सचेत रहेगा तो हादसों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए देश के हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। चालक के साथ पैदल चलने वाले को भी यातायात नियमों की पालना करनी होगी। यह कार्यक्रम कालेज की एनसीसी और एनएसएस यूनिट ने कराया। मंच संचालन सुरेश कुमार ने किया। कालेज में पहुंचे अतिथियों को स्मृति के रूप में पौधे भेंट किया। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने का भरोसा दिया। इस मौके पर एसआइ जगदीश चंद्र, प्रो. एसएस काजल, प्रो. सिद्धांत, संजय कुमार, भूपेंद्र तंवर, डा. जवाहर लाल, डा. चूहड़ सिंह, डा. महेंद्र सिंह छाबड़ा, अजय अरोड़ा मौजूद रहे।

अमर उजाला

शुक्रवार, 29 जनवरी 2021

# यातायात जागरूकता में भी क्रांति जरूरी

शाहाबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनसीसी व एनएसएस यूनिट द्वारा रोड सेफ्टी विषय पर संगोष्ठी व जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में यातायात पुलिस प्रभारी रमेश कुमार व एसआई जगदीश चंद्र रहे। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश में मोबाइल की क्रांति आई है। वैसे ही यातायात जागरूकता में भी क्रांति र आनी चाहिए।

प्रो. एसएस काजल ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने कहा कि जिस तरह सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यातायात नियमों की अनुपालना करना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का मंच संचालन लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. सिद्धांत, संजय कुमार, भूपेंद्र तंवर, डा. जवाहर लाल, डा. चूहड़ सिंह, डा. महेंद्र सिंह छाबड़ा, अजय कुमार अरोड़ा व ईशान मौजूद रहे। **संवाद**

पंजाब केसरी शनिवार SATURDAY 30 जनवरी 2021

# 'एम.एन. कालेज ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीती ट्राफी'

शाहबाद मारकंडा, 29 जनवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने बताया कि खालसा कॉलेज, करनाल में राष्ट्रीय स्तर पर व्यवसायिक योजना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 15 महाविद्यालयों के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने पावर पाइंट के माध्यम से अपने-2 बिजनैस प्लान निर्णायक मंडल व सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों व दर्शकों के सामने प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में मारकंडा नैशनल कॉलेज के बी.काम. द्वितीय वर्ष के अंकुश कुश, अर्शदीप सिंह व ऋषभ जैन ने भी अपना बिजनेस प्लान निर्णायक मण्डल के सामने प्रस्तुत किया व सभी प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल के सदस्य करनाल राजकीय महाविद्यालय के भूतपूर्व प्राचार्य सिंगला ने एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करने के साथ-2 उनके प्लान को नवीन व रचनात्मक बताया। कालेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने विद्यार्थियों व उनके विभाग के प्राध्यापकों प्रो. एस.एस.काजल, प्रो. मंजू गुप्ता, प्रो. भाविनी अरोड़ा, प्रो. हरीश कुमार व प्रो. संगीता शर्मा को बधाई देने के साथ-2 कॉलेज के अन्य प्रतियोगिताओ में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



*शाहाबाद मारकंडा नैशनल कॉलेज में प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी प्राचार्य व कॉलेज स्टाफ के साथ।* (आजाद)

# 'मारकंडा नैशनल कालेज में स्वयंसेवकों ने मनाया स्वच्छता अभियान'

शाहाबाद मारकंडा, 29 जनवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में एन.एस.एस. युनिट द्वारा एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रधान यशपाल वधवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एन.एस.एस. के महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्वयंसेवकों को बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में निसंकोच होकर बढ़-चढ़कर भाग लेकर समाजसेवा के कार्यों के प्रति हमेशा तैयार रहना चाहिए। प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कैम्प में आए सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने की बधाई दी तथा इस सफाई अभियान जैसे पुण्य कार्य में भाग लेने के प्रति उन्हें एक सजग व सच्चा सिपाही बताया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रोफैसर सिद्धांत एन.एस.एस., कार्यक्रम अधिकारी की देखरेख में हुआ। उन्होंने बताया की स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के सभी पार्क, कमरे, बरामदे, लाइब्रेरी, स्टाफ रूम, ऑफिस आदि की अच्छे तरीके से सफाई की तथा अंत में उन्हें रिफ्रैशमेंट भी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्रोफैसर एस.एस. काजल, लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार, डा. अजय कुमार अरोड़ा, रवि, विनोद कुमार सहित स्वयं सेवक उपस्थित रहे।




*शाहाबाद मारकंडा नैशनल कॉलेज में सफाई अभियान चलाते स्वयंसेवक।* (आजाद)

दैनिक जागरण पानीपत, 31 जनवरी, 2021

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा ले आधुनिक युवा पीढ़ी : किरमिच

संवाद सहयोगी, शाहाबाद : सरस्वती हेरिटेज डेवलेपमेंट बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर वह आदर्श युवा बन सकते हैं। उन्होंने ये बात शनिवार को मारकंडा नेशनल कालेज में स्टूडेंट फार सेवा हरियाणा की ओर से आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि कही।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं के बारे में जानने का मौका मिलता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेशाध्यक्ष डा. आशुतोष सिंह ने कहा कि आज देश को स्वामी विवेकानंद जैसे युवाओं की जरूरत है। युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने की जरूरत है। वह अपनी प्रतिभा पहचान लें तो उन्हें लक्ष्य तक पहुंचने से कोई बाधा नहीं रोक सकती। अभाविप के राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने कहा कि अभाविप की ओर से समाज के बीच में जाकर युवा पीढ़ी की भलाई के लिए कार्य किए जा रहे हैं। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए।



शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्र अगस्तय सिंह को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि धुम्मन सिंह किरमिच। ● जागरण

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता रहे अगस्तय सिंह को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जुड़े सवालों के जवाब देकर हर किसी को हैरान कर दिया। इस मौके पर मारकंडा नेशनल कालेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी, आर्य कन्या महाविद्यालय की प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष विष्णु भगवान गुप्ता, शाहाबाद नगराध्यक्ष राहुल सिंगला, दिनेश राणा, डा. आनंद कुमार, विभाग संयोजक प्रवीण चंदेल, जिला विस्तारक दिनेश फंडन, महानगर विस्तारिका कंचन डागर व गौरव सैनी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर पानीपत, रविवार 31 जनवरी, 2021

# स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लें युवा : डॉ. आशुतोष



शाहबाद | स्वामी विवेकानंद के जीवन पर हुई गोष्ठी।

भास्कर न्यूज | शाहाबाद

मारकंडा नेशनल कॉलेज में स्टूडेंट फॉर सेवा हरियाणा ने स्वामी विवेकानंद जी के सपनों का भारत विषय पर संगोष्ठी की। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि धुम्मन सिंह किरमच डिप्टी चेयरमैन सरस्वती हैरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड हरियाणा, विशिष्ट अतिथि विष्णु गुप्ता, सुभाष कलसाना राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व अभाविप के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि विष्णु भगवान गुप्ता ने कहा कि छात्र स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन की कठिनाइयों को पार करते हुए सफलता हासिल कर सकते हैं। डॉ. आशुतोष सिंह ने विवेकानंद जी के जीवन के बारे में बताया कि कैसे एक 39 वर्षीय साधारण व्यक्ति ने देश-विदेश में अपनी औजस्वीवाणी से भारत का परचम लहराया। उन्होंने कहा कि आज भी हर युवा में स्वामी विवेकानंद जी है। जरूरत है तो केवल अपनी प्रतिभा को पहचानने की। अभाविप के राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने एसएफएस आयाम विद्यार्थी परिषद् के बारे में बताया किस प्रकार अभाविप समाज में जाकर समाज के लिए कार्य करती है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अगस्त्य सिंह को सम्मानित किया गया। मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी, नगराध्यक्ष राहुल सिंगला, दिनेश राणा, डॉ. आनंद कुमार, विभाग संयोजक प्रवीण चंदेल, जिला विस्तारक दिनेश फंडन, महा नगर विस्तारिका कंचन डागर व गौरव सैनी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
रविवार SUNDAY 31 जनवरी 2021



कालेज में विजेताओं को पुरस्कार देते प्राचार्य व स्टाफ। (आजाद)

## 'मारकंडा नैशनल कालेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित'

**शाहाबाद मारकंडा (पूर्ण):** मारकंडा नैशनल कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन एन.एस.एस., एन.सी.सी. के विभागों द्वारा किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने तथा एन.सी.सी. अधिकारी, स्टाफ ने महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में सारिका, रमनदीप, रजप्रीत प्रथम, प्रियंका, काजल, प्रियंका देवी द्वितीय रहे। प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। मंच का संचालन प्रो.सुरेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो.एस.एस. काजल, डा. जवाहर लाल, प्रो.सिद्धांत, डा. अमित अरोड़ा, डा. देवराज शर्मा, ईशान व शशिकांत सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

ष सिंह ने विवेकानंद के बारे में बताया फंडन, महा नगर विस्तारिका कथन डागर व गौरव सैनी मौजूद रहे।

अमर उजाला

रविवार • 31.01.2021

# विवेकानंद प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में अगस्तय प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुरुक्षेत्र।** स्टूडेंट फॉर सेवा की ओर से स्वामी विवेकानंद जी के सपनों का भारत विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्यातिथि के रूप में सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच ने शिरकत की।

वहीं आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद के कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं मुख्य वक्ता प्रांत अध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह विवेकानंद जी के जीवन के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा



अगस्त्य सिंह को सम्मानित करते सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धुम्मन सिंह।

लेकर आदर्श युवा बन सकते है। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अगस्तय सिंह को सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि विष्णु भगवान गुप्ता ने बताया कि किस प्रकार छात्र प्रेरणा लेकर अपने जीवन की कठिनाईयों को पार करते हुए सफलता हासिल कर सकते है। आशुतोष सिंह ने कहा कि आज भी हर युवा में विवेकानंद जी है। जरूरत है तो केवल अपनी प्रतिभा को पहचानने की। सुभाष कलसाना ने एसएफएस आयाम विद्यार्थी परिषद् के बारे में जानकारी दी।

The Tribune
CHANDIGARH | MONDAY | 1 FEBRUARY 2021

# QUIZ HELD ON GANDHI'S LIFE

**Kurukshetra:** Markanda National College, Shahabad Markanda, organised a quiz to commemorate the death anniversary of Mahatma Gandhi. Dr Ashok Kumar, Principal, presided over the function. He placed Mahatma Gandhi's principles on the highest pedestal. He inspired students to instill truth, non-violence, service and swaraj in their life. Assistant professor Suresh Kumar acted as quiz master. Prof SS Kajal, Dr Ajay Kumar Arora and assistant professor Siddhant organised the quiz. Five teams comprising three members each participated in five rounds, with 14 of the 15 participants being female students. The first position went to Sarika, Rajpreet Kaur and Ramandeep.

दैनिक उत्तम हिन्दू दिल्ली, वीरवार 4 फरवरी, 2021

# संघर्ष से भविष्य बनाने की राहें होंगी सुगम : डॉक्टर शालिनी




छात्राओं के साथ रोल मॉडल डा. शालिनी शर्मा।

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**
**शाहाबाद/स्वामी**

हरियाणा सरकार के स्कूल शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित रोल मॉडल एक्टिविटी में डॉक्टर शालिनी शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर ने छात्राओं को प्रेरित किया। अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बताते हुए छात्राओं को बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉक्टर शालिनी ने छात्राओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और निर्णायक बनने की अपील की। तीन बहनों में सबसे बडी डॉक्टर शालिनी ने अपनी सफलता के लिए पिता,पति और पुत्र म भी धन्यवाद किया। डा. शालिनी ने अच्छे और बुरे स्पर्श, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा , नशा, कोरोना जैसे विषयों पर भी जानकारी दी। इस अवसर पर यारा गांव के प्रिंसिपल और स्टाफ, बी ओ आफिस से दीप्ति, मारकंडा नेशनल कॉलेज की असिस्टेन्ट प्रोफेसर पूनम रानी, भावना उपस्थित रहे। खरींडवा सीनियर सेकंडरी स्कूल में छात्राओं ने रोल मॉडल डॉक्टर शालिनी से काफी सवाल पूछे और उनके बचपन से कामयाबी तक के सफर की कहानी को तन्मयता से सुना। डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम , नरेंद्र मोदी, कल्पना चावला,रानी रामपाल,इंदिरा नूई, निर्मल सीतारमण आदि का उदाहरण देकर रोल मॉडल डॉक्टर शालिनी ने छात्राओं को अर्जुन जैसे निशाने को साधने की बात की।उन्होंने कहा कि स्त्री को स्त्री का साथ देना जरूरी है, किसी बेटी का साथ देकर उसको ऊपर लाने का प्रयास करें,नाकि किसी को नुकसान पहुंचाना। प्रवक्ता सुमन,पूनम,रंजीत इत्यादि ने रोल मॉडल शालिनी का धन्यवाद किया।

# संघर्ष करने से ही मिलती है कामयाबी : डा. शालिनी शर्मा




छात्राओं के साथ डा. शालिनी शर्मा। ● जागरण

संस, शाहाबाद : शाहाबाद मारकंडा नेशनल कालेज में एसोसिएट प्रोफेसर डा. शालिनी शर्मा ने कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहतन करना जरूरी है। कामयाबी के लिए लगातार संघर्ष करते रहने से सफलता मिलती है। वह बुधवार को गांव खरींडवा और यारा के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा चुनौतियां का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। चुनौतियों के डर से हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बताते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को भी आर्थिक आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और निर्णायक बनना होगा। इन गुणों के साथ ही वह अपने जीवन में तरक्की हासिल कर सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं ने अच्छे और बुरे स्पर्श, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, नशा, कोरोना जैसी बीमारी से बचाव के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्त्री को स्त्री का साथ देना जरूरी है।

अमर उजाला

करनाल | वीरवार, 4 फरवरी 2021

# संघर्ष से भविष्य बनाने की राहें होंगी सुगम

शाहाबाद। हरियाणा सरकार के स्कूल शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित रोल मॉडल एक्टिविटी में एसोसिएट प्रोफेसर डा. शालिनी शर्मा ने छात्राओं को प्रेरित किया। अपने जीवन के संघर्षों के बारे में, खुद के हौसले से आगे बढने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। डा. शालिनी ने जोर देकर आर्थिक आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और निर्णायक बनने की अपील की।

पंजाब केसरी

वीरवार THURSDAY 4 फरवरी 2021

# 'संघर्ष से राहें होंगी सुगम : डा. शालिनी'

कुरुक्षेत्र, 3 फरवरी (धमीजा) : हरियाणा सरकार के स्कूह्यल शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित रोल मॉडल एक्टिविटी में डा. शालिनी शर्मा, एसोसिएट प्रोफैसर ने छात्राओं को प्रेरित किया। अपने जीवन के संघर्षों के बारे में ,खुद के हौंसले से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। डा. शालिनी ने जोर देकर आर्थिक आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और निर्णायक बनने की अपील की।



*विचार व्यक्त करते डा. शालिनी शर्मा।*

अपने प्राचार्य अशोक चौधरी का आभार जताते हुए उन्होंने बताया कि वो एक पुरुष हैं पर हमेशा मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर गांव यारा स्कूल के प्रिंसीपल और स्टाफ, बी.ओ.आफिस से दीप्ति, मारकंडा नैशनल कॉलेज की असिस्टैंट प्रोफैसर पूनम रानी, भावना उपस्थित रहे।

अमर उजाला रविवार, 7 फरवरी 2021

# बैडमिंटन में मुस्कान और मानसी ने मारी बाजी



विजेता टीम को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. अशोक चौधरी। संवाद

शाहाबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज में शनिवार को खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों बढ़चढकर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, वालीबॉल में बीए अंतिम वर्ष प्रथम, बेडमिंटन में मुस्कान, मानसी बीकाम प्रथम वर्ष, केरम में आकाश, देवराज, सोनम, मानसी बीकाम प्रथम वर्ष के विद्यार्थी विजेता रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने कहा कि कॉलेज में समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं होती रहती हैं। इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। यह हमारे शारीरिक एवम् मानसिक दोनों ही विकास का स्त्रोत है। खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को ऊर्जा एवं स्फूर्ति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम संयोजक डा. भूपेंद्र तंवर, प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर क्रिकेट, बेडमिंटन, शतरंज, कैरम एवं वालीबॉल संबंधी खेलों का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका प्रो. कल्पना, प्रो. सिद्धांत, डॉ. देवराज, डॉ. अमित कुमार ने निभाई। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार, डॉ. अजय, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. जवाहर लाल, प्रो. सुरेन्द्र काजल, राजेश कुमार, ईशान, चरणजीत, अश्वनी कुमार सहित अनेकों विद्यार्थी मौजूद रहे। -संवाद

दैनिक भास्कर पानीपत, रविवार 7 फरवरी, 2021

# खेल व्यायाम का अच्छा साधनः चौधरी

भास्कर न्यूज | शाहाबाद

मारकंडा नेशनल कॉलेज में खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी इच्छानुसार खेलों में स्वतंत्रता पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि कॉलेज में समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं संपन्न होती रहती हैं। इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा हैं। यह शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही विकास का स्त्रोत हैं। खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को ऊर्जा एवं स्फूर्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विभिन्न विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में ही अपना कॅरियर बना रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. भूपेन्द्र तंवर, प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षक ने बताया कि इस अवसर पर क्रिकेट, बेडमिंटन, शतरंज, कैरम एवं वालीबॉल संबंधी खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को किताबों से पूरा दिन दूर रखते हुए उन्हें खेलों के महत्व के बारे में बताया गया। विभिन्न स्पर्धाओं में निर्णायक की भूमिका प्रो. कल्पना, प्रो. सिद्धांत, डॉ. देवराज व डॉ. अमित कुमार ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग के मध्य एक क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे- क्रिकेट, वालीबॉल में बीए अन्तिम वर्ष प्रथम, बेडमिंटन में मुस्कान, मानसी बीकाम प्रथम वर्ष, कैरम में आकाश, देवराज, सोनम, मानसी बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थी विजेता रहे। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार,. डॉ. अजय अरोड़ा, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. जवाहर लाल, प्रो. सुरेन्द्र काजल, राजेश कुमार, ईशान, चरणजीत व अश्वनी कुमार सहित अनेकों विद्यार्थी मौजूद रहे।



**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य।

पानीपत, 7 फरवरी, 2021 दैनिक जागरण

# क्रिकेट और वॉलीबॉल में बीए अंतिम वर्ष की टीम रही विजेता



विजेता टीम की हौसलाफजाई करते प्राचार्य डा. अशोक चौधरी। ● जागरण

संस, शाहाबाद : शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कालेज में शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट और वालीबॉल में बीए अंतिम वर्ष की टीम विजेता रही है। बैडमिंटन मुकाबलों में बीकाम प्रथम वर्ष की मुस्कान और मानसी की टीम पहले स्थान पर रही है। इसी तरह कैरम में बीकाम प्रथम वर्ष के आकाश, देवराज, सोनम और मानसी प्रथम रहे हैं।

प्राचार्य अशोक चौधरी ने कहा कि खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी इच्छानुसार स्वतंत्रतापूर्वक अलग-अलग खेलों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। खेलों में हिस्सा लेने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। शारीरिक शिक्षक डा. भूपेंद्र तंवर ने बताया कि इस मौके पर क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम एवं वालीबॉल संबंधी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निर्णायक की भूमिका प्रो. कल्पना, प्रो. सिद्धांत, डा. देवराज और डा. अमित कुमार ने निभाई। उन्होंने कहा कि कोविड - 19 के बाद कालेज में इस तरह की खेल गतिविधि आयोजित होने पर विद्यार्थियों में उत्साह दिखा। विद्यार्थियों ने भी अपने मनपसंद खेलों में हिस्सा लिया। आगामी दिनों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। इस खेल प्रतियोगिता में कालेज स्टाफ का भी पूरा सहयोग रहा। इस मौके पर डा. संजय कुमार, डा. अजय, प्रो. सुरेश कुमार, डा. जवाहर लाल, प्रो. सुरेंद्र काजल, राजेश कुमार, ईशान व चरणजीत मौजूद रहे।

पंजाब केसरी रविवार SUNDAY 7 फरवरी 2021

# 'मारकंडा नैशनल कॉलेज में हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन'



मारकंडा नैशनल कॉलेज में खिलाड़ी प्राचार्य व स्टाफ के साथ। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 6 फरवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने को अपनी इच्छानुसार भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने कहा कि कॉलेज में समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं सम्पन्न होती रहती हैं।

इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा हैं। यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही विकास का स्त्रोत हैं। कार्यक्रम संयोजक डा. भूपेन्द्र तंवर, प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम एवं वालीबॉल संबंधी खेलों का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका प्रो. कल्पना, प्रो. सिद्धांत, डा. देवराज, डा. अमित कुमार ने निभाई। महाविद्यालय के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग के मध्य एक क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वालीबॉल में बी.ए. अन्तिम वर्ष प्रथम, बैडमिंटन में मुस्कान, मानसी बी.काम. प्रथम वर्ष, कैरम में आकाश, देवराज, सोनम, मानसी बी.काम. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी विजेता रहे। इस अवसर पर डा. संजय कुमार, डा. अजय अरोड़ा, प्रो. सुरेश कुमार, डा. जवाहर लाल, प्रो. सुरेन्द्र काजल, राजेश कुमार, ईशान, चरणजीत, अश्वनी कुमार सहित अनेकों विद्यार्थी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण पानीपत, 12 फरवरी, 2021

# कोरियोग्राफी में एमएन कालेज शाहाबाद प्रथम

जासं, कैथलः जोनल यूथ फेस्टिवल की प्रतिस्पर्धाओं में देर शाम परीक्षा परिणाम जारी किए गए। तीन प्रतिस्पर्धाओं के ही परीक्षा परिणाम जारी किए गए। जिसमें कोरियोग्राफी, लोक एकल नृत्य हरियाणवीं और लोक नृत्य गायन प्रतिस्पर्धा का परिणाम घोषित किया गया।

**यह रहे परिणाम :** कोरियोग्राफी प्रतिस्पर्धा में एमएन कालेज शाहाबाद ने प्रथम, आरकेएसडी कालेज कैथल ने द्वितीय और राजकीय कन्या कालेज चीका तृतीय रही। माइम में एमएन कालेज शाहाबाद ने पहला, आरकेएसडी कालेज कैथल ने दूसरा और राजकीय कन्या कालेज चीका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोक एकल नृत्य हरियाणवीं में इंदिरा गांधी महिला कालेज ने प्रथम, राजकीय कालेज भेरियां ने द्वितीय और आरकेएसडी कालेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य गायन में भगवान परशुराम कालेज कुरुक्षेत्र ने पहला, डीएन कालेज कुरुक्षेत्र ने दूसरा स्थान पाया।

दैनिक भास्कर पानीपत, शुक्रवार 12 फरवरी, 2021

# कुप्रथाओं का डटकर सामना करें विद्यार्थी : डॉ. शालिनी



कुरुक्षेत्र | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा के प्रांगण में गुरुवार को रोल मॉडल कार्यक्रम किया गया। इसमें एमएन कॉलेज शाहाबाद मारकंडा की राजनीति शास्त्र की प्रो. शालिनी शर्मा मुख्य वक्ता रही। स्कूल प्राचार्य दया सिंह स्वामी व मुख्य शिक्षक पवन मित्तल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। डॉ. शालिनी शर्मा ने विद्यार्थियों को समाज में प्रचलित कुप्रथाओं का डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा के दम पर ही महिलाएं हर क्षेत्र में विकास में योगदान दे रही हैं। दुनिया का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें महिलाओं की भागीदारी न हो। यह केवल तभी संभव है अगर हम पूरा मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। कार्यक्रम में पीएचसी रामगढ़ से एएनएम मनदीप कौर, आंगनबाड़ी वर्कर मित्तो देवी, सुनीता रानी, धूलगढ़ गुलडेहरा की आशा वर्कर व विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान स्कूल की छात्राओं ने लघु नाटिका की भी प्रस्तुति दी। मंच का संचालन अंग्रेजी प्राध्यापक संजीव शर्मा ने किया।

# 'विद्यार्थियों को विज्ञान विषय के प्रति किया जागरूक'



विजेता विद्यार्थियों को पौधा देकर पुरस्कृत करते गणमान्य। (सप्त)

शाहाबाद मारकंडा, 6 फरवरी (सप्त): राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरींडवा में हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना द्वारा निर्देशित कार्यक्रम मॉनिटरिंग एवं मैंटरिंग ऑफ सैकेंडरी स्कूल बाय हायर एजुकेशनल इंस्टीच्यूटस के तहत आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता एम.एन.कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सुरेश रहे। डा. सुरेश ने विद्यार्थियों को सरल व रोचक ढंग से विद्यार्थियों को विज्ञान सहित अनेक विषयों बारे बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उनके विजेताओं को पौधा देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डा. बलविंद्र कौर, सुरेंद्र जोशी, वीरेंद्र शर्मा, सुमन, अनिता अरोड़ा, पूनम, रणजीत कौर, प्रो. एस.एस.काजल आदि उपस्थित थे।

अमर उजाला
करनाल | शुक्रवार, 12 फरवरी 2021




कार्यक्रम में मंचासीन मुख्यातिथि डा. शालिनी शर्मा व अन्य। संवाद

# आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धूलगढ़ गुलडेरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रोल मॉडल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एमएन कॉलेज शाहाबाद मारकंडा की राजनीति शास्त्र की प्रोफेसर शालिनी शर्मा ने बतौर मुख्यवक्ता के रूप में शिरकत की।

विद्यालय के प्राचार्य दयासिंह स्वामी व मुख्यशिक्षक पवन मित्तल ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य वक्ता का अभिनंदन किया। आज दुनिया का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी ना हो यह केवल तभी संभव है। कार्यक्रम में पीएचसी रामगढ़ से एएनएम मनदीप कौर, आंगनबाड़ी वर्कर मित्तो देवी, आशा वर्कर व विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित था। जिसको मुख्य वक्ता ने बहुत सराहा। इस अवसर पर मंच का संचालन अंग्रेजी प्राध्यापक संजीव शर्मा ने किया। आशा वर्कर व विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित था। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने एक लघु नाटिका की भी प्रस्तुति दी, जिसको मुख्य वक्ता ने बहुत सराहा। इस अवसर पर मंच का संचालन अंग्रेजी प्राध्यापक संजीव शर्मा ने किया।

# नन्हें वैज्ञानिकों ने बनाए विज्ञान प्रोजेक्ट




...बाद। पंच ...दीप के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेंटरिंग व मॉनिटरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विज्ञान से संबंधित अपने प्रोजेक्ट प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। नन्हें वैज्ञानिक ने अपने सपनों को उड़ान देते हुए बनाए हुए प्रोजेक्टों की पूरी जानकारी भी अवलोकन करने पहुंचे अतिथियों को दी। ...कॉलेज के एसिस्टेंट प्रो. डा. सुरेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्टों का निरीक्षण किया। डा. सुरेश कुमार ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी है और इस तरह के कार्यक्रम निश्चित तौर पर विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर ...मनजीत कौर, प्रो.एसएस कौशल, भावना बंसल एबीआरसी, रेखा, ...िंदर सहित अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहा।

दैनिक भास्कर

पानीपत, शुक्रवार 12 फरवरी, 2021

# जोनल यूथ फेस्टिवल • माइम की प्रस्तुति में दिखा कोरोना का डर



कुरुक्षेत्र /कैथल। डॉ. बीआर अंबेडकर सरकारी कॉलेज में तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल का आगाज हुआ। कोरोना काल के बाद हुए पहले ओपन सांस्कृतिक कार्यक्रम का विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। इससे पहले कलाकारों ने कोरियोग्राफी के माध्यम से कोरोना काल को जीवंत किया। कोरियोग्राफी में प्रथम एमएन कॉलेज शाहाबाद, द्वितीय स्थान पर आरकेएसडी कॉलेज कैथल व तृतीय स्थान पर गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज चीका की टीम रही।

दैनिक भास्कर पानीपत, गुरुवार 18 फरवरी, 2021

# मारकंडा नेशनल कॉलेज ने सभी प्रथम पुरस्कार जीते



शाहाबाद | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल में मारकंडा नेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने 3 विधाओं में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने बताया कि कोरोना के चलते इस वर्ष केवल 3 विधाओं में भाग लेने का निर्णय लिया गया। वन एक्ट प्ले, मूकअभिनय और कोरियोग्राफी में महाविद्यालय के 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। खास बात यह है कि सभी में प्रथम रहे। डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय जगदीशपुरा (कैथल) में आयोजित युवा समारोह में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मारकंडा नेशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सांस्कृतिक विधाओं और शिक्षा में तालमेल बनाने को कहा। मौके पर प्रो. सुरेन्द्र काजल, प्रो. कल्पना, डॉ. भूपेन्द्र तंवर, डॉ. चूहड़ सिंह, प्रो. सुरेश, डॉ. संदीप श्योरण, डॉ. दिव्या, डॉ. अमित, प्रो. भाविनी तेजपाल, डॉ. प्राची अरोड़ा, डॉ. तरूण एवं अन्य शिक्षक समुदाय और गैर-शिक्षक समुदाय मौजूद था।

अमर उजाला वीरवार, 18 फरवरी 2021



# मारकंडा नेशनल कॉलेज ने जीते पुरस्कार

शाहाबाद। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल में मारकंडा नेशनल कॉलेज के 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। उनके सम्मान में बुधवार को महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमेटी के संयोजक डा. जवाहर लाल और सह-संयोजक डा. देवराज शर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों ने वन एक्ट प्ले, मूकाअभिनय और कोरियोग्राफी में भाग लिया और सभी में प्रथम रहे। मारकंडा नेशनल कॉलेज के यूथ वेलफेयर कमेटी की ऑवरऑल इंचार्ज डा. शालिनी शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में कुरुक्षेत्र जोन के लगभग सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रो. सुरेंद्र काजल, प्रो. कल्पना, डा. भूपेंद्र तंवर, डा. चूहड़ सिंह, प्रो. सुरेश, डॉ. संदीप श्योरण, डॉ. दिव्या, डॉ. अमित, प्रो. भाविनी तेजपाल, डॉ. प्राची अरोड़ा, डॉ. तरुण मौजूद रहे। -संवाद

दैनिक भास्कर | पानीपत, गुरुवार 18 फरवरी, 2021

# नारी शिक्षित हो तो बन सकती है आत्मनिर्भरः डॉ. अशोक



**शाहाबाद** | आर्य कन्या महाविद्यालय में बुधवार से 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का आरंभ हुआ। शिविर के पहले दिन बतौर मुख्यातिथि मारकंडा नेशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी पहुंचे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता पाहवा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मंच का संचालन डॉ. सिमरजीत कौर ने किया। प्राचार्या डॉ. सुनीता पाहवा ने बताया कि शिविर में लगभग 75 स्वयंसेविकाएं भाग ले रही हैं। डॉ. सुनीता पाहवा, एनएसएस प्रभारी डॉ. मुमताज व डॉ. सिमरजीत कौर ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# मारकंडा नेशनल कॉलेज के सरताज का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स के लिए चयिनत

**शाहबाद/स्वामी**

शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कॉलेज के सरताज सिंह का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट लेखन के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स 2022 के लिए चयनित किया गया है। कॉलेज के



एम.एन. कॉलेज में सरताज को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. अशोक चौधरी व डा. शालिनी शर्मा।

प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने बताया कि सरताज ने कॉलेज की प्रोफेसर डा. शालिनी शर्मा के मार्गदर्शन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में विजय हासिल की है। इन्हीं उपलब्धियों को देखते हुए सरताज को इस पुरस्कार के लिए चुना गया और उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2022 के लिए चयनित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर अशोक चौधरी ने सरताज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसका श्रेय डा. शालिनी शर्मा को दिया। प्रोफेसर डॉक्टर शालिनी शर्मा ने कहा कि सरताज ने मुश्किल वक्त को अवसर बनाकर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। इसलिए आज इस कॉलेज के स्टॉफ व विद्यार्थियों को सरताज पर गर्व है। वर्तमान में सरताज पंजाब विश्वविद्यालय में एम.ए. राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष का छात्र है।

उत्तम हिन्दू Mon, 01 March 2021
epaper.uttamhindu.com/c/587



सरताज को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. अशोक चौधरी व डा. शालिनी शर्मा। संवाद

# सरताज का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स के लिए चयनित

संवाद न्यूज एजेंसी

शाहाबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज के पूर्व छात्र सरताज सिंह का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट लेखन के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स 2022 के लिए चयनित किया गया है।

कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने बताया कि सरताज ने प्रो. डॉ. शालिनी शर्मा के मार्गदर्शन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिता को अपने नाम किया है। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए सरताज को इस पुरस्कार के लिए चुना गया तथा उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2022 के लिए चयनित किया गया।

प्रो. डॉ. शालिनी शर्मा ने कहा कि सरताज ने मुश्किल वक्त को अवसर बनाकर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। इसलिए आज इस कॉलेज के स्टॉफ व विद्यार्थियों को सरताज पर गर्व है। वर्तमान में सरताज पंजाब विश्वविद्यालय में एमए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष का छात्र है।

# सरताज का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स के लिए चयनित

**शाहाबाद :** मारकंडा नेशनल कालेज के सरताज सिंह का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट लेखन के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स 2022 के लिए चयनित किया गया है। कालेज प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने बताया कि सरताज ने कालेज की प्रो. डा. शालिनी शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में विजय हासिल की है। इन्हीं उपलब्धियों को देखते हुए सरताज का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2022 के लिए चयनित किया गया। प्राचार्य ने सरताज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसका श्रेय डा. शालिनी शर्मा को दिया। प्रोफेसर शालिनी शर्मा ने कहा कि सरताज ने मुश्किल वक्त को अवसर बनाकर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। इसलिए आज इस कालेज का स्टाफ व विद्यार्थियों को सरताज पर गर्व है। वर्तमान में सरताज पंजाब विश्वविद्यालय में एमए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष का छात्र है। (संस)

# मारकंडा नैशनल कॉलेज के सरताज इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में शामिल



शाहाबाद। सरताज सिंह को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में शामिल होने पर बधाई देते प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी व डॉ. शालिनी शर्मा।

शाहाबाद मारकंडा, 1 मार्च (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज से पढ़े सरताज़ सिंह को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में शामिल किया गया। वर्तमान में पंजाब विश्वविद्यालय में एमए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के छात्र सरताज ने लॉक डाउन के दौरान डॉ. शालिनी शर्मा के मार्गदर्शन में कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की। उनकी इन्हीं असाधारण उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया और उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स 2022 के लिए चयनित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर मारकंडा नेशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मेहनत करने को प्रेरित किया। प्रो. डॉ शालिनी शर्मा ने बताया कि सरताज ने मुश्किल वक्त को अवसर बनाकर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया है।

पंजाब केसरी
रविवार SUNDAY 21 फरवरी 2021

# 'मारकंडा नैशनल कॉलेज में ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित'

शाहाबाद मारकंडा, 20 फरवरी (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहाबाद मारकंडा एवं नैक बैंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय ए क्रिटिकल इवेलुएशन आफ रिवाइज्ड एसेसमेंट फ्रेमवर्क ऑफ नैक रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. अशोक कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए किया गया।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के लगभग 14 राज्यों, जिनमें हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि व उनसे सम्बन्धित 31 बड़े शहरों के प्रतिभागी जो 60 से ज्यादा शिक्षण व विश्वविद्यालयों के गणमान्य व्यक्तियों तथा 12 प्राचार्य व निदेशक तथा 117 आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक एवं सदस्य ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

उन्होंने संगोष्ठी के प्रमुख की-नोट



*ऑनलाइन संगोष्ठी में भाग लेते प्राचार्य। (आजाद)*

वक्ता डा. श्याम सिंह इंदा, सहायक सलाहाकार, नैक, बैंगलोर का स्वागत किया। आई.क्यू.ए.सी. को-ऑर्डिनेटर डा. जवाहरलाल ने संगोष्ठी के मुख्य बिंदुओं व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस सत्र का संचालन डा. अजय कुमार द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डा. श्याम सिंह इंदा ने नैक के महत्व को सही बताते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए उसका आंकलन किया जाना अति आवश्यक है।

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डा. कृष्णकांत गुप्ता, प्राचार्य, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ ने नैक क्राइटेरिया पॉइंट नंबर एक, दो और पांच से संबंधित बातचीत की।

इस सत्र का संचालन कार्यक्रम सचिव डा. अमित कुमार द्वारा किया गया। उनके द्वारा प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता के व्यक्तित्व के बारे में प्रतिभागियों को अवगत करवाया गया। द्वितीय सत्र में प्रोफेसर एस.के. चक्रवर्ती, सेवानिवृत्त प्रोफैसर, नैशनल इंस्टिच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, कुरुक्षेत्र ने रिसर्च से संबंधित पहलुओं पर प्रकाश डाला। किया गया। इस सत्र का संचालन प्रोफैसर एस.एस. काजल ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मंजू गुप्ता, डा. संजय कुमार, डा. चूहड़ सिंह, डा. भूपिन्द्र तंवर, प्रो. सुरेश कुमार, डा. तरुण कंसल, डा. प्राची अरोड़ा, प्रो. सिद्धांत, डा. दिव्या, डा. देवराज शर्मा, प्रो. अनीता, मोहिन्द्र छाबड़ा, कृष्ण लाल, ईशान, ललित कुमार, सहित 200 प्रतिभागी ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े।

अजीत समाचार
21 फरवरी, 2021

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

शाहाबाद मारकंडा, 20 फरवरी (विजय कुमार) : मारकंडा नेशनल कॉलेज एवं नैक बेंगलोर के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय ए क्रिटिकल इवेलुएशन आफ रिवाइज्ड एसेसमेंट फ्रेमवर्क ऑफ नैक रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के 14 राज्यों जिनमें हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि व उनसे संबंधित 31 बड़े शहरों के प्रतिभागी जो 60 से ज्यादा शिक्षण व विश्वविद्यालयों के गणमान्य व्यक्तियों तथा 12 प्राचार्य व निदेशक तथा 117 आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक एवं सदस्य, ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे। उन्होंने संगोष्ठी के प्रमुख की-नोट वक्ता डॉ. श्याम सिंह इंदा, सहायक सलाहाकार नैक बैंगलोर का स्वागत किया तथा महाविद्यालय की ओर से इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। आइ.क्यू.ए.सी. को-ऑर्डिनेटर डॉ. जवाहरलाल ने संगोष्ठी के मुख्य बिंदुओं व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस सत्र का संचालन डॉ. अजय कुमार द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. श्याम सिंह इंदा ने नैक के महत्व को सही बताते हुए कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए उसका आंकलन किया जाना अति आवश्यक है, इसीलिए पूरे भारतवर्ष में नैक एक ऐसी रैंकिंग बॉडी है जिससे पूरे भारतवर्ष के शिक्षण संस्थानों को वरीयता में ग्रेडिंग के अनुसार रखा जाता है। आजकल विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में नैक ग्रेड होना एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. कृष्णकांत गुप्ता प्राचार्य अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने नैक क्राइटेरिया पॉइंट नंबर एक, दो और पांच से संबंधित बातचीत की। इसके अंतर्गत पाठ्यक्रम से संबंधित शिक्षण और अधिगम से संबंधित, मूल्यांकन से संबंधित, स्टूडेंट प्रोग्रेशन व उपलब्धियां, विद्यार्थियों का सभी क्रियाओं में भाग लेना, एलुमनी एसोसिएशन आदि पर विचार विमर्श किया। इस सत्र का संचालन कार्यक्रम सचिव डॉ. अमित कुमार द्वारा किया गया। इस सत्र का संचालन भाविनी तेजपाल द्वारा किया गया। अंतिम सत्र का संचालन डॉ. संदीप श्योराण द्वारा किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. संदीप ग्रोवर जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, वाईएमसीए फरीदाबाद रहे । उन्होंने डाटा वैलिडेशन, वेरिफिकेशन व स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सम्बन्धित अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि संस्थान एसएसआर के माध्यम से अपना सारा डाटा नैक को भेज देता है तभी नैक उपलब्ध प्रमाण पत्रों की वैधता जांचने के आदेश देता है। संस्थान को इन्हीं प्रमाण पत्रों के आधार पर अंक मिलते हैं। इसी वेबीनार में 31 पेपर प्रेजेंटेशन भी प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुति दी गई। सभी ने नैक के विभिन्न पहलुओं पर अपनी प्रेजेंटेशंस के माध्यम से प्रकाश डाला।

दैनिक भास्कर
पानीपत, मंगलवार 9 मार्च, 2021

# महिला निभाती है मां, बेटी, बहन व पत्नी की भूमिका

शाहाबाद | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मारकंडा नेशनल कॉलेज में एक ऑनलाइन चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कामदेव झा ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। इस चर्चा में डॉ. सुमन राजन, एसोसिएट प्रो. दयानंद महिला महाविद्यालय ने अध्यक्ष, संयोजिका डा. शालिनी शर्मा ने उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने महिला दिवस का महत्व बताया। डॉ. सुमन राजन ने मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में महिला की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय अरोड़ा ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे। पैनल चर्चा में सोनीपत हिन्दू कॉलेज के प्राचार्य डा. बीके गर्ग, चीका के पूर्व प्राचार्य डॉ. रमेश ढांढा, सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या डॉ. सुरजीत कौर, पंजाब विश्वविद्यालय की जसविंदर कौर, सरताज सिंह, पूर्व अध्यापिका संतोष शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, वीना चौधरी, प्रो. सुरेंद्र काजल, हरपाल सैनी जुड़े रहे।

अजीत समाचार
9 मार्च, 2021

# मारकंडा नैशनल कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

शाहाबाद मारकंडा, 8 मार्च (विजय कुमार) : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाएं काम करती हैं, पर कुछ को ही वेतन मिलता है विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन मारकंडा नेशनल कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कामदेव झा ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। इस चर्चा में डॉ. सुमन राजन एसोसिएट प्रो. दयानंद महिला महाविद्यालय ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई। आयोजन की संयोजिका डॉ. शालिनी शर्मा ने चर्चा की भूमिका और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अशोक चैधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। डॉ. झा ने रामायण से लेकर मनुस्मृति तक के उदाहरण देकर महिला की शक्ति का वर्णन किया। उन्होंने घर को व्यवस्थित करने वाली महिलाओं के अदृश्य वेतन की बात की। डॉ. सुमन राजन ने मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में महिला की भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने वेद, उपनिषद से शुरू करके आधुनिक महिलाओं की भूमिका और महिलाओं के गृह प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। इस आयोजन में जीएमएन कॉलेज की अंतिम वर्ष की छात्रा अवनि ने भी विषय पर सारगर्भित प्रकाश डालते महिला प्रबंधकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। पैनल चर्चा के कन्वेनर डॉ. अजय अरोडा ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे और धन्यवाद किया। पैनल चर्चा में सोनीपत हिन्दू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बीके गर्ग, चीका के पूर्व प्राचार्य डॉ. रमेश ढांढा, सीनियर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्या डॉ. सुरजीत कौर, पंजाब विश्वविद्यालय की जसविंदर कौर, सरताज सिंह, पूर्व अध्यापिका संतोष शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, वीना चैधरी, प्रो. सुरेंदर काजल, हरपाल सैनी, विभिन्न महाविद्यालयों के असिस्टेन्ट और एसोसिएट प्रोफेसर एवम विद्यार्थी जुड़े रहे।

अमर उजाला मंगलवार, 9 मार्च 2021

# महिलाओं की भूमिका बताई

**शाहाबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज में ऑनलाइन पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कामदेव झा ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। डॉ. सुमन राजन ने मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में महिला की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस पैनल चर्चा में सोनीपत हिंदू कॉलेज प्राचार्य डा. बीके गर्ग, चीका के पूर्व प्राचार्य डा. रमेश ढांढा, सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्या डॉ. सुरजीत कौर, पंजाब विश्वविद्यालय की जसविंद्र कौर, सरताज सिंह, पूर्व अध्यापिका संतोष शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, वीना चौधरी शामिल हुईं।

पंजाब केसरी

TUESDAY • 9.3.2021

# 'मारकंडा नैशनल कालेज में ऑनलाइन किया चर्चा का आयोजन'

शाहाबाद मारकंडा, 8 मार्च (मदन) : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाएं काम करती हैं पर कुछ को ही वेतन मिलता है' विषय पर ऑनलाइन पैनल चर्चा का आयोजन मारकंडा नैशनल कॉलेज में किया गया। इस अवसर पर डी.ए.वी. कॉलेज के प्राचार्य डा. कामदेव झा ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। इस चर्चा में डा. सुमन राजन, एसोसिएट प्रोफेसर दयानंद महिला महाविद्यालय ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई। आयोजन की संयोजिका डॉक्टर शालिनी शर्मा ने चर्चा की भूमिका और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रिंसीपल डा. अशोक चैधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। डा. झा ने रामायण से लेकर मनुस्मृति तक के उदाहरण देकर महिला की शक्ति का वर्णन किया। डा. सुमन राजन ने मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में महिला की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में जी.एम.एन. कॉलेज की अंतिम वर्ष की छात्रा अवनि ने भी विषय पर सारगर्भित प्रकाश डालते महिला प्रबंधकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

पैनल चर्चा के कन्वेनर डा. अजय अरोड़ा ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछे और धन्यवाद व्यापित किया। पैनल चर्चा में सोनीपत हिन्दू कॉलेज के प्राचार्य डा. बी.के. गर्ग, चीका के पूर्व प्राचार्य डा. रमेश ढांढा, सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्राचार्या डा. सुरजीत कौर, पंजाब विश्वविद्यालय की जसविंद्र कौर, सरताज सिंह, पूर्व अध्यापिका संतोष शर्मा, अन्नपूर्णा शर्मा, वीना चैधरी, प्रो. सुरेंद्र काजल, हरपाल सैनी, विभिन्न महाविद्यालयों के असिस्टैंट और एसोसिएट प्रोफैसर एवं विद्यार्थी जुड़े रहे।

पानीपत, 20 मार्च, 2021 दैनिक जागरण

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी देश की प्रगति के लिए अहम : ढींढसा

संवाद सूत्र, शाहाबाद: वैज्ञानिक डा. कुलदीप ढींढसा ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी देश की प्रगति के लिए आधार है। वे मारकंडा नेशनल कालेज में आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे वेबिनार से विज्ञान जगत में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। इनके माध्यम से अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञ विद्यार्थियों व शिक्षक वर्ग तक पहुंचकर अपनी शोध क्षमता के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने कहा कि वेबिनार का मुख्य बिंदू साइंस व टेक्नोलाजी की नई सीमाएं रहा। डा. महावीर सिंह ने रेडिएशन से होने वाले प्रभावों के बारे में अवगत करवाया। प्रो. तोमर ने गणित के चिह्नों व उनकी सार्थकता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी सांझा की। उन्होंने दैनिक जीवन से संबंधित विज्ञान व तकनीकी में गणित के महत्व से संबंधित व्याख्यान प्रस्तुत किया। डा. भारत कुमार ने डबल न्यूट्रॉन स्टार से संबंधित व्याख्यान पर प्रकाश डाला। वेबिनार में 40 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य से संबंधित जानकारी सांझा की। डा. अमलेंदू पाल ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में होने वाले नए-नए आयामों के प्रति अवगत करवाया।

दैनिक भास्कर
पानीपत, शनिवार 20 मार्च, 2021

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी देश की प्रगति के लिए अहम आधारशिला : डॉ. ढींढसा

**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का मुख्य बिन्दु साइंस व टेक्नोलॉजी की नई सीमाएं रहा। वेबिनार में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा का प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने स्वागत किया। मुख्यातिथि डॉ. ढींढसा ने ऑर्गेनाइजर्स को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे वेबिनार के आयोजन से विज्ञान जगत में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं जिनके माध्यम से हम विद्यार्थियों व शिक्षक वर्ग और शोध से जुड़े हुए व्यक्ति अपनी शोध क्षमता के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस सत्र का आरम्भ आर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. अमित कुमार ने किया गया। डॉ. अमित ने डा. महावीर सिंह के शोध क्षेत्र के बारे में प्रतिभागियों को अवगत करवाया। वेबिनार में महाविद्यालय स्टाफ से प्रो. मंजू गुप्ता, डॉ. संजय कुमार, प्रो. सुरेन्द्र काजल, डॉ. भूपेन्द्र तंवर, प्रो. कल्पना, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. चूहड़ सिंह, प्रो. भाविनी तेजपाल, डॉ. प्राची अरोड़ा, डॉ. देवराज शर्मा, डॉ. संदीप श्योरण, डॉ. दिव्या, प्रो. सिद्वांत, प्रो. अनीता राणा व प्रो. चाहत उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय निबंध लेखन में सरताज रहे प्रथम


सरताज

**शाहाबाद** | एसडी महिला महाविद्यालय हांसी के द्वारा राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शाहाबाद के सरताज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि सरताज इस समय उच्च शिक्षा के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में पढ़ाई कर रहा है। सरताज की इस उपलब्धि पर मारकंडा नेशनल कॉलेज के स्टाफ ने उसे बधाई दी गई।

पंजाब केसरी शनिवार SATURDAY 20 मार्च 2021

# 'विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी देश की प्रगति के लिए अहम आधारशिला : डा. ढींडसा'

शाहाबाद मारकंडा, 19 मार्च (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहाबाद में एक दिवसीय राष्ट्रीय डी.जी.एच.ई., पंचकूला से मान्यता प्राप्त ऑनलाइन राष्ट्रीय वैबीनार आयोजित किया गया। इस वैबीनार का मुख्य बिन्दु रहा न्यू फ्रंटियर इन साइंस एंड टैक्नोलॉजी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती की वन्दना से शुरू हुआ, जिसमें प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि डा. कुलदीप सिंह ढींडसा, एमिनेंट सांइटिस्ट, हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार का अभिवादन किया तथा मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे वैबीनार के आयोजन से विज्ञान जगत में नई संभावनाएं तलाशी जाती हैं, जिनके माध्यम से हम विद्यार्थियों व शिक्षक वर्ग और जो शोध से जुड़े हुए व्यक्ति हैं, वह अपनी शोध क्षमता के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस सत्र का शुभारम्भ ऑर्गेनाइजिंग सैकेट्री डॉक्टर अमित कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि व वक्ता प्रोफैसर महावीर सिंह हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला का अभिनंदन



*ऑनलाइन वैबीनार में भाग लेते प्रतिभागी।* *(आजाद)*

किया व उनका परिचय सभी प्रतिभागियों से कराया।

प्रथम टैक्निकल सत्र में डा. जवाहर लाल समन्वयक ने वैबीनार से संबंधित लक्ष्यों व विशेषताओं के बारे में प्रतिभागियों को अवगत करवाया। इस सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफैसर एस.के. तोमर का परिचय प्रतिभागियों से करवाया। प्रोफैसर एस.के तोमर, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने गणित के चिन्हों व उनकी सार्थकता के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी सांझा की।

द्वितीय सत्र का संचालन कार्यकारी सचिव डा. तरूण कंसल द्वारा किया गया, जिसके मुख्य वक्ता डा. भारत कुमार, एन.आई.टी, राऊरकेला उड़ीसा से रहे। डा. भारत कुमार ने डबल न्यूट्रॉन स्टार से सम्बधित व्याख्यान पर प्रकाश डाला।

इस वैबीनार में 40 प्रतिभागियों ने अपने शोध कार्य से संबंधित प्रस्तुति दी। डा. अजय कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष ने प्रतिभागियों को पेपर प्रेजेंटेशन के लिए आमंत्रित किया, जिसमें कई प्रतिभागियों ने विज्ञान विषयों से जुड़े हुए अपने शोध कार्य व अपने एक्सपेरिमैंटल डाटा से प्रतिभागियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

वेलेडिक्ट्री सत्र का शुभारंभ प्रो. सुरेश कुमार सह-समन्वयक द्वारा किया गया, जिसके मुख्य वक्ता डा. अमलेन्दु पाल, एमेरिटस सांइटिस्ट, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी रहे। इस वेबीनार में महाविद्यालय स्टाफ से प्रो. मंजू गुप्ता, डा. संजय कुमार, प्रो. सुरेन्द्र काजल, डा. भूपेन्द्र तंवर, प्रो. कल्पना, डा. शालिनी शर्मा, डा. चूहड़ सिंह, प्रो. भाविनी तेजपाल, डा. प्राची अरोड़ा, डा. देवराज शर्मा, डा. संदीप श्योरण, डा. दिव्या, प्रो. सिद्वांत, प्रो. अनीता राणा व प्रो. चाहत उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी रविवार SUNDAY 21 मार्च 2021

# '7 दिवसीय एन.एस.एस. राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प का हुआ शुभारंभ'

शाहाबाद मारकंडा, 20 मार्च (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहाबाद द्वारा गांव जन्धेड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रोफैसर दिनेश राणा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि एन.एस.एस भारत देश की रीढ़ की हड्डी है और एन.एस.एस. कार्यकर्त्ताओं को देश के सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रोफैसर दिनेश राणा ने अपने संबोधन में कार्यकर्त्ताओं को एन.एस.एस के महत्व व उनकी कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। कार्यकर्त्ताओं को मातृभूमि के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रोफैसर सिद्धांत ने सात दिवसीय कैम्प का क्रमानुसार विवरण सभी के सम्मुख प्रस्तुत किया।




एन.एस.एस. शिविर में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते प्राचार्य व अन्य। (आजाद)

एम.एन. कॉलेज के एन.सी.सी. ऑफिसर लैफ्टिनैंट सुरेश कुमार ने इस बात का विश्वास दिलाया कि भारत की सरकार एन.एस.एस. व एन.सी.सी. जैसे बड़े संगठनों में पूर्ण विश्वास रखती है क्योंकि, यह वह संगठन है, जिसने इस महामारी के दौरान भी अपनी कार्यक्षमता के अनुसार अच्छा प्रदर्शन करते हुए सारे भारत में किसी भी महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने में मदद की।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रोग्राम एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर डा. जवाहरलाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह व एम.एन. कॉलेज से हिंदी के प्राध्यापक डा. देवराज शर्मा, चरणजीत, 50 एन.एस.एस. स्वयंसेवक तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य व प्रो. सिद्धांत द्वारा मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

दैनिक उत्तम हिन्दू दिल्ली, रविवार 21 मार्च, 2021

# एम.एन. कॉलेज का सात दिवसीय एनएसएस शिविर जंधेड़ी में शुरू



अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्य डा. अशोक चौधरी।

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**
**शाहाबाद/स्वामी**

मारकंडा नेशनल कॉलेज की ओर से गांव जंधेड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू हो गया। जिसकी शुरूआत मु यातिथि प्रो. दिनेश राणा व प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने की। मु यातिथि प्रो. दिनेश राणा ने केडेट्स को एन.एस.एस के महत्व व उनकी कार्यप्रणाली से अवगत करवाया उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एन.एस.एस में पूर्ण विश्वास दिखाते हुए उन्हें इस महामारी में एक प्रकार की बहुत बड़ी सामाजिक कार्यकर्ता समझकर उन्हें महत्वपूर्ण कार्य सौंपा और कार्यकर्ताओं को मातृभूमि के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर सिद्धांत जी ने सात दिवसीय कैंप का क्रमानुसार विवरण सभी के स मुख प्रस्तुत किया तथा एन.एस.एस स्वयंसेवकों में एक जोश भरते हुए सातो दिनों तक कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर एम.एन. कॉलेज के एन.सी.सी. ऑफिसर लें टनेंट सुरेश कुमार ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें संगठन में कार्य करने के लिए प्रेरित किया व उन्हें इस बात का विश्वास दिलाया कि भारत की सरकार एन.एस.एस व एन.सी.सी. जैसे बड़े संगठनों में पूर्ण विश्वास रखती है क्योंकि यह वह संगठन है जिसने इस महामारी के दौरान भी अपनी कार्यक्षमता के अनुसार अच्छा प्रदर्शन करते हुए सारे भारत में किसी भी महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने में मदद की । प्राचार्य डा. चौधरी ने मु यातिथि दिनेश राणा को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

अमर उजाला
करनाल | रविवार, 21 मार्च 2021

# राजकीय स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

शाहाबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज की ओर से गांव जंधेड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शनिवार से शुरू हो गया। मुख्यातिथि प्रो. दिनेश राणा व प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने शिविर का शुभारंभ किया। दिनेश राणा ने बताया कि कोरोना महामारी के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनएसएस में पूर्ण विश्वास दिखाते हुए बड़ा सामाजिक कार्यकर्ता समझकर महत्वपूर्ण कार्य दिया। प्रो. सिद्धांत ने सात दिवसीय कैंप का क्रमानुसार विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करने का अनुरोध किया। कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट सुरेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार एनएसएस व एनसीसी जैसे संगठनों में पूर्ण विश्वास रखती है क्योंकि इस संगठन ने महामारी के दौरान भी अपनी कार्यक्षमता के अनुसार बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर डॉ. जवाहरलाल, संदीप सिंह, डॉ. देवराज शर्मा, चरणजीत मौजूद रहे। **संवाद**

दैनिक भास्कर

पानीपत, रविवार 21 मार्च, 2021

# मारकंडा नेशनल कॉलेज में एनएसएस कैंप शुरू

**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज की ओर से गांव जन्धेड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस देश की रीड की हड्डी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को देश के सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर दिनेश राणा ने कार्यकर्ताओं को एनएसएस के महत्व व उनकी कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। एनएसएस वालंटियर व कोऑर्डिनेटर ने इसे बड़ी बखूबी से निभाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मातृभूमि के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर सिद्धांत ने सात दिवसीय कैंप का क्रमानुसार विवरण सभी के सम्मुख प्रस्तुत किया तथा एनएसएस स्वयंसेवकों में एक जोश भरते हुए सातो दिनों तक कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करने के लिए अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रोग्राम एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. जवाहरलाल द्वारा किया गया।

दैनिक भास्कर पानीपत, मंगलवार 23 मार्च, 2021

# भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष समकालीन चुनौतियां विषय पर किया वेबिनार

**शाहबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का मुख्य बिन्दु भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष समकालीन चुनौतियां रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसमें प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि प्रो. राजकुमार मित्तल, वाइस चांसलर, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी का अभिवादन किया। इससे पहले वेबिनार संयोजक डॉ. प्राची अरोड़ा ने इस वेबिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।वाइस चांसलर डॉ. मितत‌ल ने कहा कि मुद्रास्फीति व बढ़ती हुई बेरोजगारी ने अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौतियां पेश की हैं। वर्तमान में कोविड-19 की वजह से स्थिति अत्यंत गम्भीर हो गई है, बेरोजगारी की वजह से मांग घटी है जिसकी वजह से उपभोक्ता की क्रय शक्ति कम हुई है। पिछले वर्ष से वृद्धि दर नकारात्मक बनी हुई है। मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत योजना का ध्येय तभी पूरा होगा जब अर्थव्यवस्था के मुख्य सहभागी लघु व मध्यम स्तर के उद्योग-धंधों को महत्व देकर उनको मुख्यधारा में लाना होगा। प्रथम तकनीकी सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से डॉ. मोनाविया सरकार ने समाजशास्त्र का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे विश्लेषण किया। दूसरे तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से चीफ अर्थशास्त्री डॉ. एसपी शर्मा रहे। तकनीकी सत्र-4 में पूर्व प्राचार्य डॉ. विनय मल्होत्रा ने लॉकडाउन के अर्थव्यवस्था पर दुष्प्रभावों का विस्तार से जिक्र किया। वैलेडिक्ट्री सत्र के मुख्य वक्ता पंजाबी युनिवर्सिटी पटियाला के डॉ. मंजीत सिंह रहे। उन्होंने इस वेबिनार के विषय को आज की अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में सार्थक विचार प्रस्तुत किए।

दैनिक भास्कर पानीपत, गुरुवार 25 मार्च, 2021

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने की स्कूल की सफाई

**शाहाबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने जंधेड़ी के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफाई की जिसमें पौधों को पानी देना, स्कूल के मुख्य मार्ग को स्वच्छ करना आदि कार्य किए। साथ ही गांव में स्वच्छता जागरूक रैली निकाली व नुक्कड़ सफाई की। स्वयंसेवकों ने विश्वास बाल आश्रम में पढ़ रहे बच्चों को फल भी वितरित किए। इन सभी कार्यों में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सिद्धांत व डॉ. देवराज शर्मा व सहायक मांगे राम उपस्थित रहे। कैंप के पांचवें दिन मुख्य वक्ता के रूप में गुरुनानक देव खालसा कॉलेज से डॉ. गुरिन्द्र सिंह हांडा ने विद्यार्थियों को जीवन में कुछ बनने के लिए दूरदर्शिता, पक्का इरादा व कड़ी मेहनत करने के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. गुरिन्द्र सिंह हांडा, डॉ. हरि सिंह सैनी, डॉ. चूहड़ सिंह उपस्थित रहे। कोरोना को लेकर गांव में एक रैली भी निकाली गई जिसमें गांव के लोगों को मास्क पहनने, उचित दूरी पर रहने व सफाई करने बारे जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर हाथों को साफ रखने, सेनिटाइजर करने, मास्क लगाने व उचित दूरी बनाए रखने की जानकारी दी। इस मौके पर नीरू, सोनिया, पायल, गुरतेज, सौरभ व अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

पंजाब केसरी

शुक्रवार FRIDAY 26 मार्च 2021

# 'एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा का दिया प्रशिक्षण'



*शाहाबाद में एन.एस.एस. शिविर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते कार्यक्रम अधिकारी। (आजाद)*

शाहाबाद मारकंडा, 25 मार्च (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहाबाद की एन.एस.एस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के छठे दिन एन.एस.एस. स्वंयसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। रैडक्रास सोसायटी कुरुक्षेत्र की तरफ से आए नरेश पाल ने स्वंयसेवकों को बेहोश व्यक्ति को होश में लाने संबंधी जानकारी दी।

इस मौके पर प्रो. हरपाल सैनी, सेवानिवृत्त प्राध्यापक ने स्वंयसेवकों में नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया व समाज में जागरूकता फैलाने के लिए स्वंयसेवकों को सराहा। सांयकालीन सत्र में सब-इंस्पैक्टर नरेश कुमार ने स्वयंसेवकों को यातायात संबंधी जानकारियां दी।एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिद्धांत व डा. देवराज शर्मा ने मुख्यअतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सोनिया, नीरू, गुरतेज, सौरव, अंकुश आदि 50 स्वंयसेवक मौजूद थे।

दैनिक जागरण पानीपत, 26 मार्च, 2021

# यातायात नियमों की पालना करना जरूरी : नरेश




स्वयं सेवकों को प्राथमिक चिकित्सा के गुर देते नरेश पाल। ● जागरण

**शाहाबाद** : जिला यातायात समन्वयक एसआइ नरेश कुमार ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा सिर पर हेलमेट पहनना चाहिए। सड़क पर चलते समय अपनी व दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि यातायात नियमों की पालना की जाए। वह वीरवार को शाहाबाद के मारकंडा नेशनल कालेज में एनएसएस यूनिट की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक होकर समाज को भी जागरूक करना होगा। रेडक्रास सोसाइटी के प्रशिक्षक नरेश पाल ने प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि युवाओं और विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी होनी चाहिए। प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी होने से कई बार युवा किसी जरूरतमंद की जान भी बचा सकती हैं। उन्होंने स्वयं सेवकों को बेहोश हुए व्यक्ति को होश में लाने की कई विधि बताई। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार दिए जाने के बारे में भी जानकारी दी। (संस)

दैनिक भास्कर

पानीपत, शुक्रवार 26 मार्च, 2021

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने स्वयंसेवकों को दी फ़र्स्ट एड की जानकारी

**शाहबाद** | मारकंडा नेशनल कॉलेज की एनएसएस यूनिट की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों को रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा फर्स्टएड का प्रशिक्षण दिया। सोसाइटी के नरेश पाल ने बेहोश व्यक्ति को होश में लाने और सावधानियां बरतनी बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सीपीआर देने संबंधी जानकारी साझा की। समाज में जागरुकता फैलाने के लिए स्वयंसेवकों को सराहा। सांयकालीन सत्र में सब-इस्पेक्टर नरेश कुमार ने स्वयंसेवकों को यातायात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, प्रो. सिद्वांत व डॉ. देवराज शर्मा ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पंजाब केसरी शुक्रवार FRIDAY 26 मार्च 2021

# 'कॉलेज में ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन'

शाहाबाद मारकंडा, 25 मार्च (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में डी.जी.एच.ई. हरियाणा सरकार व हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के सयुंक्त तत्वाधान में पंजाबी विभाग द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय 'समकालीन पंजाबी साहित्य एवं वैश्वीकरण' रहा। कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता रहे।

डा. अशोक कुमार ने बताया कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पंजाबी साहित्य का वर्णन आम लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इस ऑनलाइन वैबीनार में 70 से ज्यादा प्रतिभागियों ने अलग-अलग राज्यों के शिक्षण संस्थानो से भाग लिया तथा इन प्रतिभागियों ने पंजाबी साहित्य व वैश्वीकरण से सम्बधित शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समन्वयक डा. चूहड़ सिंह ने वैबीनार से संबंधित उद्देश्यों के बारे में प्रतिभागियों को अवगत करवाया। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता गुरविंद्र सिंह धमीजा, डिप्टी चेयरमैन, हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी, पंचकूला ने पंजाबी भाषा के उत्थान व विकास के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# ਐਨ.ਐਸ.ਐਸ. ਦੁਆਰਾ ਸੱਤ ਦਿਨਾ ਕੈਂਪ ਆਯੋਜਤ

ਸ਼ਾਹਬਾਦ ਮਾਰਕੰਡਾ 22 ਮਾਰਚ (ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ): ਮਾਰਕੰਡਾ ਨੈਸ਼ਨਲ ਕਾਲਜ ਸ਼ਾਹਾਬਾਦ ਮਾਰਕੰਡਾ ਦੀ ਐਨ. ਐਸ. ਐਸ ਯੂਨਿਟ ਦੁਆਰਾ ਆਯੋਜਤ ਸੱਤ ਦਿਨਾ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਕੈਂਪ ਦੇ ਤੀਸਰੇ ਦਿਨ ਸਵੇਰੇ ਸਤਰ ਦੇ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦੇ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਏਡਵੋਕੇਟ ਪਰਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ ਪੁੱਜੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਵੈਮ ਸੇਵਕਾਂ ਨੂੰ ਕਨੂੰਨ ਦੀ ਆਈ. ਪੀ. ਸੀ ਧਾਰਾ 316, 319, 323, 324, 325, 326, 498 ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿੱਚ ਵਿਸਤਾਰਪੂਰਵਕ ਸਮਝਾਇਆ। ਕਾਨੂੰਨੀ ਸੰਬੰਧੀ ਅਨੇਕ ਗੱਲਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿੱਚ ਸਵੈਸੇਵਕਾਂ ਨੇ ਜਾਣਕਾਰੀ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕੀਤੀ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਉੱਤੇ ਡਾ. ਰੂਪਤ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਡਾ. ਦੇਵਰਾਜ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦਾ ਪਰੋਗਰਾਮ ਵਿੱਚ ਆਉਣ ਉੱਤੇ ਧੰਨਵਾਦ ਕੀਤਾ। ਸ਼ਾਮ ਸਤਰ ਵਿੱਚ ਸਿਵਲ ਹਸਪਤਾਲ ਵਲੋਂ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦੇ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਡਾ ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਅਤੇ ਗੁਰਚਰਨ ਮੌਜੂਦ ਰਹੇ। ਡਾ. ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਟੀ. ਬੀ., ਏਚ. ਆਈ. ਵੀ ਏਡਸ ਅਤੇ ਕੋਰੋਨਾ ਵਾਇਰਸ ਸੰਬੰਧੀ ਮਹੱਤਵਪੂਰਣ ਜਾਣਕਾਰੀਆਂ ਸਵੈਮ ਸੇਵਕਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਂਝੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ। ਇਸ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਦੇ ਰੋਕਥਾਮ ਅਤੇ ਉਪਾਅ ਸੰਬੰਧੀ ਜਾਣਕਾਰੀਆਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਸਵੈਮ ਸੇਵਕਾਂ ਨੇ ਜਾਣਿਆ। ਐਨ. ਐਸ. ਐਸ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਫਸਰ ਸਿਧਾਰਥ ਨੇ ਆਏ ਹੋਏ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਨੂੰ ਸਮਿਰਤੀ ਚਿੰਨ੍ਹ ਦੇਕੇ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਉੱਤੇ ਪੰਕਜ, ਮੋਨਿਕਾ, ਸੌਰਭ, ਗੁਰਤੇਜ ਸਹਿਤ 50 ਸਵੈਮ ਸੇਵਕ ਮੌਜੂਦ ਰਹੇ।



ਕੈਂਪ ਵਿਚ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦਾ ਸਨਮਾਨ ਕਰਦੇ ਹੋਏ।

ਰੋਜ਼ਾਨਾ ਸਪੋਕਸਮੈਨ
RozanaSpokesman.com
epaper by Daksham.COM




ਮਾਰਕੰਡਾ ਨੈਸ਼ਨਲ ਕਾਲਜ ਸ਼ਾਹਬਾਦ ਵਿਖੇ ਜਾਰੀ ਕੈਂਪ ਦੇ ਤੀਜੇ ਦਿਨ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨਾਂ ਨੂੰ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਕਾਲਜ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰੀ। ਤਸਵੀਰ : ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ

# ਐਨ.ਐਸ.ਐਸ. ਕੈਂਪ ਦੌਰਾਨ ਵਲੰਟੀਅਰਾਂ ਨੂੰ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀਆਂ ਧਾਰਾਵਾਂ ਅਤੇ ਬਿਮਾਰੀਆਂ ਸਬੰਧੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣਕਾਰੀ

ਸ਼ਾਹਬਾਦ ਮਾਰਕੰਡਾ, 22 ਮਾਰਚ (ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ)- ਮਾਰਕੰਡਾ ਨੈਸ਼ਨਲ ਕਾਲਜ ਸ਼ਾਹਬਾਦ ਦੇ ਐਨ. ਐਸ. ਐਸ. ਯੂਨਿਟ ਵਲੋਂ ਕਰਵਾਏ ਜਾ ਰਹੇ 7 ਰੋਜ਼ਾ ਐਨ. ਐਸ. ਐਸ. ਕੈਂਪ ਦੇ ਤੀਸਰੇ ਦਿਨ ਸਵੇਰ ਦੇ ਸੈਸ਼ਨ ਦੌਰਾਨ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦੇ ਰੂਪ ਵਿਚ ਐਡਵੋਕੇਟ ਪਰਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ ਵਲੋਂ ਹਾਜ਼ਰੀ ਲੁਆਈ ਗਈ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਐਡਵੋਕੇਟ ਸੰਧੂ ਨੇ ਵਲੰਟੀਅਰਾਂ ਨੂੰ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀ ਧਾਰਾ 316, 319, 323, 324, 325, 326 ਤੇ 498 ਸਬੰਧੀ ਵਿਸਥਾਰ ਸਹਿਤ ਜਾਣਕਾਰੀ ਦਿੱਤੀ। ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਡਾ. ਚੂਹੜ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਡਾ. ਦੇਵਰਾਜ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦਾ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਵਿਚ ਪੁੱਜਣ 'ਤੇ ਉਚੇਚੇ ਤੌਰ 'ਤੇ ਧੰਨਵਾਦ ਕੀਤਾ। ਕੈਂਪ ਦੇ ਸ਼ਾਮ ਦੇ ਸੈਸ਼ਨ ਦੌਰਾਨ ਸਿਵਲ ਹਸਪਤਾਲ ਵਲੋਂ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦੇ ਰੂਪ ਵਿਚ ਡਾ. ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਅਤੇ ਗੁਰਚਰਨ ਵਲੋਂ ਹਾਜ਼ਰੀ ਲੁਆਈ ਗਈ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਡਾ. ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਵਲੰਟੀਅਰਾਂ ਨੂੰ ਟੀ. ਬੀ., ਐਚ. ਆਈ. ਵੀ. ਤੇ ਕੋਰੋਨਾ ਵਾਇਰਸ ਸਬੰਧੀ ਵਿਸਥਾਰ ਸਹਿਤ ਜਾਣਕਾਰੀ ਦਿੱਤੀ ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਬਚਾਅ ਦੇ ਤਰੀਕੇ ਵੀ ਦੱਸੇ। ਅੰਤ 'ਚ ਐਨ. ਐਸ. ਐਸ. ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਫਸਰ ਸਿਦਵਾਲ ਵਲੋਂ ਆਏ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨਾਂ ਨੂੰ ਯਾਦਗਾਰੀ ਚਿੰਨ੍ਹ ਭੇਟ ਕਰਕੇ ਸਨਮਾਨਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਸੋਨੀਆ, ਸੌਰਭ ਤੇ ਗੁਰਤੇਜ ਸਮੇਤ 50 ਦੇ ਕਰੀਬ ਵਲੰਟੀਅਰ ਵੀ ਹਾਜ਼ਰ ਸਨ।

पंजाब केसरी

शनिवार SATURDAY 27 मार्च 2021

# 'एन.एस.एस. शिविर सम्पन्न'



कॉलेज में स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देते कॉलेज के प्राचार्य। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 26 मार्च (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहाबाद द्वारा गांव जंधेड़ी में चल रहे 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का आज समापन हुआ। इस अवसर पर गुरुनानक देव खालसा कॉलेज, करनाल के प्राचार्य डा. मेजर सिंह मुख्य अतिथि थे। कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिद्वांत एवं कॉलेज स्टाफ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

प्राचार्य अशोक चौधरी ने बच्चों के सात दिवसीय शिविर में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें अपने कॉलेज को अग्रिम श्रेणी के विद्यार्थी बताया और कहा कि इसी प्रकार के युवाओं के कंधे पर देश का भविष्य सुरक्षित एवं उज्जवल है। डा. चूहड़ सिंह ने अपने भाषण में डा. मेजर सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रो. सिद्वांत ने इस कैम्प की सात दिवसीय रिपोर्ट को पढ़ा। मंच संचालन स्वयंसेवकों के द्वारा ही 2 छात्राओं नीरू व हरप्रीत ने बखूबी किया।

स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग प्रोग्राम गीत, माइम, कविता, डांस, भाषण आदि प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को देश की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि आपकी पहचान आपके कार्य से होगी न कि वस्त्रों व शरीर से। डा. देवराज शर्मा ने मुख्य अतिथि व अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डा. जवाहर लाल, प्रो. मंजू गुप्ता, प्रो. सुरेन्द्र काजल, प्रो. सुरेश, प्रो. भाविनी तेजपाल, डा. संदीप, डा. दिव्या, अवनी चौधरी व शशिकांत उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
वीरवार THURSDAY 8 अप्रैल 2021

# 'मारकंडा नैशनल कॉलेज में हुआ योग शिविर का आयोजन'




शाहाबाद मारकंडा नैशनल कॉलेज में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते प्राचार्य। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 7 अप्रैल (मदन): मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहाबाद में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के आह्वान पर शारीरिक शिक्षा विभाग, एम.एन.सी. योगा क्लब एवं भारतीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर किया गया। शिविर में भारतीय योग संस्थान के प्रान्तीय अध्यक्ष ओम प्रकाश, प्रान्तीय प्रचार सचिव गुलशन ग्रोवर, सदस्या सुशीला ने बहुत ही सरल यौगिक क्रियाओं के माध्यम से योग और अच्छे स्वास्थ्य के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना महामारी के विरूद्ध संघर्ष में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में योग व प्राणायाम की भूमिका बहुत अहम है।

प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने सभी का स्वागत किया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कल्पना ने किया और डा. भूपेन्द्र तंवर, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा ने सभी का धन्यवाद किया। इस योग शिविर में शहर के गण्यमान्य व्यक्तियों सहित कॉलेज के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी बुधवार WEDNESDAY 14 अप्रैल 2021

# डा. अम्बेदकर के सपनों के भारत निर्माण में अहम भूमिका : रौनकी राम'

शाहाबाद मारकंडा, 13 अप्रैल (पूर्ण) : मारकंडा नैशनल कॉलेज शाहाबाद में एक दिवसीय डी.जी.एच.ई, हरियाणा, पंचकूला द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय कंट्रीब्यूशन ऑफ डा. भीमराव अंबेदकर टू सोशल जस्टिस एंड ला रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी, कन्वीनर सुरेश कुमार तथा सभी स्टाफ मैंबर ने बाबा साहब डा. अंबेदकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में 30 से ज्यादा रिसर्च पेपर प्रतिभागियों द्वारा डा. भीमराव अंबेदकर के योगदान व उनके जीवन संघर्ष तथा विचारो से ओत-प्रोत थे।

प्रथम टैक्निकल सत्र का शुभारंभ प्राचार्य डा. अशोक कुमार द्वारा मुख्य अतिथि व कीनोट स्पीकर प्रोफैसर डा. रौनकी राम, शहीद भगत सिंह चेयर प्रोफैसर राजनीतिक विज्ञान, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के स्वागत के साथ शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेदकर का पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा। वे एक समाज के नेता न होकर अपितु संपूर्ण भारतवर्ष की सभी जातियों धर्मो, वर्गों व सांप्रदायों के नेता थे।



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कालेज में डा. भीमराव अम्बेदकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते कालेज का स्टाफ। (आजाद)

प्रथम शैक्षणिक सत्र की संचालन को-कन्वीनर डा. शालिनी शर्मा द्वारा किया गया। डा. रौनकी राम ने बताया कि बाबा साहेब को भी बचपन में ही बहुत समस्याओं व यातनाओं का सामना करना पड़ा, जिससे उन्होंने मन में ठान लिया कि गुलामी व शोषण के विरुद्ध आवाज उठाऊंगा। डा. भीमराव ने नारी जाति व दलितों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य ही नहीं किए बल्कि उनके उत्थान के लिए संविधान के अंदर महत्वपूर्ण अधिकार भी प्रदान किए। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से प्रो. मंजू गुप्ता, डा. भूपेंद्र तंवर, डा. तरुण कंसल, डा. अमित कुमार, डा. देवराज शर्मा, महेंद्र कुमार, कृष्ण लाल, राजेश कुमार, सुरेश, ईशान, शशि कांत, चरणजीत सिंह, अश्वनी, रवि, ललित, मनोज, विनोद, रामपाल आदि व लगभग 290 प्रतिभागी गूगल मीट व यू-ट्यूब लिंक के माध्यम से उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी

रविवार SUNDAY 25 अप्रैल 2021

# 'मारकंडा नैशनल कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित'

शाहाबाद मारकंडा, 24 अप्रैल (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा डायरैक्टर जनरल हायर एजूकेशन हरियाणा के सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय रहा अंग्रेजी दृष्टिकोण और प्रवृत्तियों में भारतीय साहित्य।

कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रांचार्य डा. अशोक कुमार चौधरी ने मां सरस्वती वंदना के साथ किया। प्रथम तकनीकी सत्र का शुभारंभ डा. संदीप कुमार श्योराण, संयोजक द्वारा किया गया। उन्होंने प्रो. बिमलेश कुमार सिंह, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी बिहार का परिचय सभी प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा इस ऑनलाइन सैमीनार के उद्देश्यों के बारे में सभी को अवगत करवाया।

प्राचार्य डा. अशोक कुमार ने वैबिनार के उपविषय की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय साहित्य में अंग्रेजी का बहुत मूल्यवान योगदान रहा है। भारतीय साहित्य में अंग्रेजी आज अपने उच्चतम चरम पर है, यह तभी संभव हुआ है जब सभी इसे जानने वालों ने इसे जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। प्रोफैसर बिमलेश ने बताया कि अंग्रेजी भारतीय साहित्य ने हमें कोरोना जैसी कठिन परिस्थितियों में भी जीतने का साहस पैदा किया है। वैबीनार में 40 से ज्यादा रिसर्च पेपर प्रस्तुत हुए तथा 100 से ज्यादा सभी राज्यों से प्रतिभागी उपस्थित रहे।

The Tribune
CHANDIGARH | TUESDAY | 27 APRIL 2021

# NATIONAL WEBINAR ON ENG LITERATURE

**Kurukshetra:** To mark UN English Language Day, Markanda National College, Shahabad, (M) organised a national webinar on "Indian Literature in English". Dr Sandeep Sheoran outlined the theme of the event and commenced the proceedings. Dr Bimlesh Singh, Associate Prof, Central University of Bihar, Motihari, was the keynote speaker. Dr Vikram Kharab, department of English, Kurukshetra University, discussed the trends of modern writings in Indian literature. Scholar from across the country presented their research papers.

पंजाब केसरी

शुक्रवार FRIDAY 30 अप्रैल 2021

# 'एम.एन. कालेज में विदाई समारोह आयोजित'

शाहाबाद मारकंडा, 29 अप्रैल (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज के सभागार में मोहिन्द्र कुमार कार्यालय उप-अधीक्षक की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कोविड-19 दिशा-निर्देश की पूरी तरह से अनुपालना की गई। इससे पहले सभागार में पहुंचने पर कॉलेज की प्रबंधन समिति के प्रधान यशपाल वधवा, उपप्रधान ओमप्रकाश गुलियानी, महासचिव प्रेम गंभीर, कोषाध्यक्ष विजय मलिक, प्राचार्य डा. अशोक कुमार, स्टाफ सदस्यों ने मोहिंद्र व उनके परिजनों का स्वागत किया।

कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान यशपाल वधवा ने कहा कि मोहिन्द्र ने अपनी पूरी सेवा के दौरान कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों, प्रबंधन समिति व छात्रों के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखे। समिति के उपप्रधान ओमप्रकाश गुलियानी ने भी इस अवसर पर मोहिन्द्र के कॉलेज में की गई सेवा की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

मंच संचालन सचिव डा. जवाहर लाल ने किया। शिक्षक स्टाफ की ओर से प्रो. सुरेंद्र काजल व डा. शालिनी शर्मा ने मोहिंद्र द्वारा कॉलेज में 36 वर्षों की सेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला व बताया कि उन्होंने हमेशा पूरी लग्न व ईमानदारी से अपने कर्त्तव्यों को निर्वहन किया।



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज में महेंद्र कुमार को स्मृति चिन्ह देते कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्य। (आजाद)

पंजाब केसरी

बुधवार WEDNESDAY 16 जून 2021

# 'मारकंडा नैशनल कॉलेज में राज्य स्तरीय काव्य पाठ ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित'

शाहाबाद मारकंडा, 15 जून (मदन) : मारकंडा नैशनल कॉलेज में प्रो. राजेश्वर प्रसाद शोख राज्य स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का ऑनलाइन के माध्यम से आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी व उर्दू भाषाओं में हरियाणा व पंजाब के विभिन्न कॉलजों के लगभग 73 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

उन्होंने बड़े ही उम्दा अंदाज में अपनी प्रस्तुतियां पेश की। प्रतियोगिता की संयोजिका डा. शालिनी शर्मा व संयोजक डा. अजय अरोड़ा ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा और नियमों की जानकारी दी।

कालेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने सभी प्रतिभागियों उनके संयोजक व महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस कार्यक्रम के लिए उत्साह के साथ पंजीकरण करवाना व प्रतियोगिता में भाग लेकर सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

निर्णायक मंडल की भूमिका पंजाबी व उर्दू भाषा के लिए कुलवंत चावला रफीक, अंग्रेजी भाषा के लिए डा. रजनीश अरोड़ा, अंग्रेजी विदेशी भाषा विभाग लखनऊ, हिंदी भाषा के लिए रेलवे विभाग में अधिकारी हरीश कालड़ा ने निभाई।




**शाहाबाद मारकंडा, 18 जून (विजय कुमार) :** मारकण्डा नेशनल कॉलेज के प्रांगण में एचडीएफसी बैंक, शाहाबाद शाखा व महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण करके वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी व बैंक के प्रबंधक । स.गुरप्रीत सिंह हांडा ने अपने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर पाम, अशोका व अमरूद के लगभग 50 पौधे लगाए। बैंक प्रबंधक सरदार गुरप्रीत सिंह जो कि इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र भी हैं!उन्होंने बताया कि वे हर वर्ष बैंक की ओर से इस महाविद्यालय में पौधे लगाने के लिए आते रहते हैं। उन्होंने बताया कि वे जब भी महाविद्यालय आते हैं तो उन्हें अपने लगाए हुए पौधों को पनपते देखकर अधिक प्रसन्नता होती है। पौधों की उचित देखभाल के लिए उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य व स्टाफ का आभार भी व्यक्त किया। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि मानसून के दिनों में महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण का कार्यक्रम जारी रहेगा और कॉलेज को पूर्ण रूप से ग्रीन कैंपस बनाया जाएगा।


पंजाब केसरी

रविवार SUNDAY 20 जून 2021

# 'पेटैंट मुक्त वैक्सीन-कोरोना मुक्त विश्व : प्रो. सचदेवा'

शाहाबाद मारकंडा, 19 जून (मदन): मारकंडा नैशनल कॉलेज एवं स्वदेशी जागरण मंच कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में एक व्याख्यानमाला का आयोजन सार्वभौमिक टीकाकरण कोविड के संदर्भ में समस्याएं एवं चुनौतियां विषय पर किया गया। प्रो. सोमनाथ सचदेवा कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इस व्याख्यान माला के मुख्यातिथि व वक्ता थे। प्रो. कुलदीप ढींडसा, सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। कालेज के प्राचार्य डा. अशोक चौधरी ने उनका स्वागत किया। प्रो.सोमनाथ सचदेवा ने वैश्विक सर्व सुलभ टीकाकरण व चिकित्सा अभियान के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कोरोना की उत्पत्ति से लेकर, इसके प्रभाव, बचाव, एवं इलाज तक सभी पहलुओं पर आंकड़ों के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सर्व-सुलभ टीकाकरण के लिए पेटैंट मुक्त वैक्सीन समय की मांग है और हम



शाहाबाद में मारकंडा नैशनल कॉलेज में व्याख्यानमाला में भाग लेते प्रतिभागी। (आजाद)

सभी को इस अभियान से जुड़कर इसको सफल बनाना होगा। इसी विचार योजना- 'पेटेंट मुक्त वैक्सीन' से 'कोरोना मुक्त विश्व' का स्वप्न साकार होगा, तभी सब सुरक्षित रहेंगे।

प्रो. कुलदीप ढींडसा ने भी इस बात पर बल दिया कि वर्तमान समय में वैक्सीन ही केवल एक मात्र बचाव है। उन्होंने सभी देशवासिओं को आह्वान किया कि वे वैक्सीन लगवाने के लिए आगे आएं व स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे इस पेटैंट मुक्त वैक्सीन अभियान से जुड़ें। कार्यक्रम का संचालन डा. जवाहर लाल ने किया। समन्वयक डा. अजय अरोड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस गोष्ठी में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया ।